अर्थ—अपनां अपनां सूक्ष्म परिधिकौं परिधिविषैं प्राप्त जे चंद्र वा सूर्य तिनके प्रमाणका भाग दिएं अंतराल हो है। तहां प्रथम जंबूद्वीपतैं लगाय दोऊ तरफका अभ्यंतर द्वीपसमुद्रनिका वा वलयनिका व्यास मिलाएं बाह्य पुष्करार्धका प्रथम वलयका सूची व्यास छियालीस लाख योजन हो है। मानुषोत्तर पर्वतका सूची व्यास पैंतालीस लाख योजन तामैं दोऊ तरफका वलयका व्यास पचास हजार योजन मिलाएं छियालीस लाख योजन हो हैं। याका "विष्कंभवग्गदहगुण" इत्यादि करण-सूत्रकरि सूक्ष्म परिधिविषैं एक कोडि पैंतालीस लाख छियालीस हजार च्यारि योजन प्रमाण होइ ताकौं परिधिविषैं प्राप्त सूर्य वा चंद्रमाका प्रमाण एकसौ चवालीस ताका भाग दिए एक लाख एक हजार सतरह योजन अर गुणतीस योजनका एक सौ चवालीसवां भाग प्रमाण $१०१०१७\frac{२९}{१४४}$ सूर्यतैं सूर्यका अंतराल परिधिविषैं बिम्बसहित जाननां बहुरि बिंब जो चंद्र वा सूर्यका मण्डल तीह विना अंत-राल ल्याइये है जो बिंबसहित अंतरालविषैं योजन थे तिनमैं सौं एक घटाइए १०१०१६। बहुरि तिस एक योजनकौं गुणतीसका एक सौ चवालीसवां भाग सहित समच्छेद विधान करि जोडिए तब $\frac{१}{१}\ \frac{२९}{१४}\quad \frac{१४४}{१४४}\ \frac{२९}{१४४}$ एक सौ तेहत्तरिका एकसौ चवाली-सवां भाग होइ तामैं चंद्रका बिंब छुटानका इकसठिवां भाग सो समच्छेद

विधान करि घटाइए $\frac{१७३}{१४४}$ $\frac{५६}{६१}$ $\frac{१०५५३}{८७}$ $\frac{८०६४}{६४}$ $\frac{२४८९}{७६४८}$ $\frac{}{८७८४}$

तब चौह्से निवासीको सित्यासीसै चौरासीका भाग दीजिये इतना भया ऐसे करि चन्द्रमातैं चन्द्रमाका बिंब रहित अंतराल एक लाख एक हजार सोलह योजन अर चौह्सै निवासी योजनका सित्यासीसै चौरासी भागविषै एक भाग प्रमाण आया। बहुरि तीह एकसौ तेहत्तरिका एकसौ चवालीसवां भागविषें अठतालीसका इकसठिवां भाग प्रमाण सूर्यबिंबकों समच्छेद विधान करि घटाए छत्तीसै इकतालीसका सित्यासीसै चौरासीवां भाग आया $\frac{१७३}{१४४}$ ६१ $\frac{१०५५३}{८७८४}$ $\frac{६९१२}{८७८४}$ $\frac{३६४१}{४}$ सो

इतनें करि अधिक एक लाख एक हजार सोलह योजन प्रमाण सूर्यतें सूर्यका अंतराल जाननां। ऐसे ही अन्य वलयनिविषै अंतराल ल्यावना। बहुरि सर्व वलय संबंधी सूर्य तौ पुष्य नक्षत्रविषै स्थित है। अर चंद्रमा अभिजित नक्षत्रविषै स्थित हैं।

भावार्थ.— सूर्यका विमान अर पुष्य नक्षत्रका विमान नीचे ऊपरि तिष्ठै हैं। अर चंद्रमाका विमान अर अभिजित नक्षत्रका विमान नीचे उपरि हैं॥ ३५१ ॥

आगें असंख्यात द्वीप समुद्रनिविषैं प्राप्त जे चंद्रादिक तिनकी संख्या ल्यावनेकौं गछका प्रमाण ल्यावता संता ताका कारणभूत असंख्यात द्वीप समुद्रनिकी संख्याकों आठ गाथानिकरि कहैं हैं—

रज्जूदलिदे मंदिरमज्झादो चरिमसायरंतोत्ति॥
पडदि तदद्धे तस्स दु अब्भंतरवेदिया परदो॥ ३५२॥
रज्जूदलिते मंदरमध्यतः चरमसागरांत इति॥
पतति तदर्धे तस्य तु अभ्यन्तरवेदिका परतः॥ ३५२॥

अर्थ—राजूकों आधा किएं मेरुका मध्यतैं लगाय अंतका सागर-पर्यंत प्राप्त हो है। भावार्थ-मध्यलोक एक राजू है तिस एक राजूकों आधा करिए तब मेरुगिरिका मध्यतैं लगाय अंतका स्वयंभूरमण समुद्रपर्यंत एक पार्श्वविषें क्षेत्र हो हैं। बहुरि तिसकों आधा किएं तिसकी अभ्यंतर वेदिकाके परै ॥ ३५२ ॥

कहा सो कहै हैं—

> दसगुणपण्णत्तरिसयजोयणमुवगम्म दिस्सदे जम्हा ॥
> इगिलक्खहिओ एक्को पुव्वगसव्वुवहिदीवेहिं ॥ ३५३ ॥
> दशगुणपंचसप्ततिशतयोजनमुपगम्य दृश्यते यस्मात् ॥
> एकलक्षाधिकः एकः पूर्वगमत्रोदधिद्वीपेभ्यः ॥ ३५३ ॥

अर्थ—दश गुणां पिचहतरिसैं योजन जाईं राजू दीसै है। भावार्थ-स्वयंभूरमण समुद्रकी अभ्यन्तर वेदीतैं पिचहत्तरि हजार योजन परै जाइ तिस आध राजूका अर्द्धभाग हो हैं। काहेतै सर्व पूर्व द्वीप वा समुद्र-निके व्यासकों जोडे जो प्रमाण होइ तातैं उतर द्वीप वा समुद्रका व्यास एक लाख योजन अधिक हो है। सो इसही कथनकों स्पष्ट करै हैं-स्वयंभूरमण समुद्रका बत्तीस लाखयोजन प्रमाण व्यास कल्पिकरि जंबूद्वीपका आधलाख सहित सर्व द्वीप समुद्रनिका वलय व्यासके अंकनिकों जोडिए ५०००० । २ ल । ४ ल । ८ ल । १६ ल । ३२ ल । तब कल्पना करि आध राजूका प्रमाण साढा बासठि लाख योजन भए, बहुरि याकों आधा किए इकतीस लाख पचीस हजार योजन प्रमाण दूसरी बार आधा किया राजूका प्रमाण होइ तिहविषें पूर्वद्वीप समुद्रनिका वलय व्यास ५०००० । २ ल । ४ ल । ८ ल । १६ ल । जो जोडै तीन लाख पचास हजार योजन प्रमाण भया। सो घटाए तिस स्वयंभूरमण समुद्रका अभ्यंतर वेदिकातैं परैं पिचहत्तरि हजार योजन समुद्रमें गये आध राजूका अर्ध हो है। बहुरि तीह द्वितीयवार आधा किया राजू

प्रमाण ३१२५०० कौं आधा किए पंद्रह लाख बासठि हजार पांचसै योजन तीसरी बार आधा किया राजूका प्रमाण हो है। तिहविषैं पूर्वद्वीप समुद्रनिका वलय व्यास ५०००० । २ ल । ४ ल । ८ ल । मिलाएं साढा चौदह लाख योजन भए। सो घटाएं तिस स्वयंभूरमण द्वीपका अभ्यंतर वेदिकातैं एक लाख बारह हजार पांचसै योजन परैं द्वीपविषैं जाइ तृतीयवार आधा किया हुवा राजू क्षेत्रका प्रमाण हो है ऐसै ही पूर्व पूर्वकौं आधा करि तीहविषैं पूर्वद्वीप समुद्रनिका वलय व्यास घटाएं जो जो प्रमाण रहै तितनां तितनां तिस तिस द्वीप वा समुद्रकी अभ्यंतर वेदिकातैं परै जाइ चतुर्थवार आदि आधा किया राजू क्षेत्रका प्रमाण जाननां ॥ ३५३ ॥

पुणरवि छिण्णे पच्छिमदीवब्भंतरिमवेदियापरदि ॥
सगदलजुदपण्णत्तरिसहस्समोसरिय णिपडदि सा ॥ ३५४ ॥
पुनरपि छिन्नायां पश्चिमद्वीपाभ्यंतरवेदिकापरतः ॥
स्वदलयुतपंचसप्ततिसहस्रमपसृत्य निपतति सा ॥ ३५४ ॥

अर्थ—बहुरि दूसरी बार छिन्न कहिए आधा किया राजू ताकौं आधा किए ताके पीछे जो द्वीप ताकी अभ्यतर वेदिकातैं परैं अपना आधा साढा सैंतीस हजार करि संयुक्त पिचहत्तरि योजन परै जाइ सो राजू पडै है। संदृष्टि—द्वितीय बार छिन्न राजूका प्रमाण इकतीस लाख पचीस हजार योजन ताका आधा किये पंद्रह लाख बासठि हजार पांचसै योजन होत संतैं स्वयंभूरमणतैं पाछला स्वयंभूरमण द्वीप ताकी अभ्यन्तर वेदिकातैं परैं तिस द्वीप विषै अपनां आधा करि अधिक पिचहत्तरि हजार के भए लाख बारह हजार पांचसैं सो इतनैं योजन जाइ सो राजू पडै है ॥ ३५४ ॥

अर्थ चतुर्थ अष्टमादि राजूके अंश किए जहां जहां मध्यक्षेत्र होइ तहां तहां राजूका पडना कहिए है—

दलिदे पुण तद्णंतरसायरमज्झंतरत्थवेदीदो ॥
पडदि सदलचरणण्णिदपण्णत्तरिदससयं गत्ता ॥ ३५५ ॥
दलिते पुनः तदनंतरसागरमध्यांतरस्थवेदीतः ॥
पतति स्वदलचरणान्वितपंचसप्ततिदशशतं गत्वा ॥ ३५५ ॥

अर्थ–बहुरि ताकों आधा किएं ताके अनंतरि अहिंद्रवर नामा समुद्रकी वेदिकातैं परै अपना आधा अर चौथाईकरि संयुक्त पिचहत्तरि दश सैकडा प्रमाण योजन जाईं सो राजू पडै है। संदृष्टि तीसरीबार आधा किया खण्ड पंद्रह लाख बासठि हजार पांचसै १५६२५०० ताकों आधा किए सात लाख इक्यासीहजार दोयसै पचास योजन होतसंतै तिस स्वयंभूरमण द्वीपके अनंतरि अहिंद्रवरनामा समुद्र ताका अभ्यंतर तटतैं परै तिससमुद्रविषैं पिचहत्तरि दश सैकडाका पिचहत्तरिहजार भए-ताका आधा साढा सैंतीस हजार अर चौथाई पौणा उगणीस हजार इनकों मिलाएं एक लाख इकतीस हजार दोयसै पचास १३१२५० भए। सो इतने योजन जाइ सो राजू पडै है ॥ ३५५ ॥

इदि अब्भंतरतडदो सगदलतुरियट्ठमादि संजुत्तं ॥
पण्णत्तरिं सहस्सं गतूण पडेदि सातावं ॥ ३५६ ॥
इति अभ्यन्तरतटतः स्वकदलतुर्याष्टमादि संयुक्तं ॥
पंचसप्ततिसहस्रं गत्वा पतति सा तावत् ॥ ३५६ ॥

अर्थ– ऐसेंही अभ्यन्तर तटतें अपनां अर्ध चौथाभाग आदि संयुक्त पिचहत्तरि हजार योजन जाइ जाइ सो राजू तावत् पडै है। तहां चौथी बार आधा किए अहिंद्रवर नाम द्वीपका अभ्यंतर तटतैं अपना आधा ३७५००० चौथाई १८७५० अष्टमांस ९३७५ करि संयुक्त पिचहत्तरि ७५००० हजार योजन ४०६२५ जाइ एक पडै है बहुरि पांचईबार आधा किएं तातै पिछला समुद्रकी अभ्यन्तर वेदीतैं अपनां चौडाई अष्टमांश सोलहवा अंशकरि संयुत पिचहत्तरि हजार योजन परै

जाई राजू पड़ै है, बहुरि छठीवार आधा किए तिस समुद्रतैं पिछला द्वीपकी अभ्यंतर वेदीतैं अपना अर्ध चौथाई आठवां सोलवां बत्तीसवां भाग संयुक्त पिचहत्तरि हजार योजन परे जाइ राजू पड़ै है, ऐसे ही पूर्वै जेता अधिक होई तातैं आधा आधा अधिकका अनुक्रम करि पिछला समुद्र वा द्वीपकी वेदीतैं परे जाइ सो राजू पड़ै है। तहां आधा आधाका अनुक्रम करि जहां एक योजनका अधिकपणा उबरै तहां पर्यंत पिचहत्तरि हजारके अर्द्धच्छेद सतरह हो है। बहुरि तहां पीछे उबर्या जो एक योजन ताके अंगुल करिए तब सात लाख अड़सठि हजार होइ तिनका आधा आधा क्रमकरि एक अंगुल उबरै तहां पर्यंत उगणीस अर्ध छेद हो है। तिन सर्व छेदनिकौं मिलाय ताका नाम संख्यात किया। बहुरि उबर्या था एक अंगुल ताके प्रदेशकरि आधा आधा अनुक्रम लिये अधिक करतं सूच्यंगुलके अर्ध छेदनिका जो प्रमाण तितनी बार भएं एक प्रदेशिका अधिकपणा आनि रहै सो संख्यात अर सूच्यंगुलका अर्द्धछेद मिलाय "संखेज्जरूवसंजुद" इत्यादि गाथा कहै हैं ॥३५६॥

संखेज्जरूवसंजुदसूईअंगुलछिदिप्पमा जाव ॥
गच्छंति दीवजलही पडदि तहो माद्धलक्खेण ॥ ३५७ ॥
संख्येयरूपसंयुतसूच्यंगुलच्छेदप्रमा यावत् ॥
गच्छंति द्वीपजलधयः पतति ततः सार्धलक्षेणन ॥ ३५७ ॥

अर्थ — संख्यातरूप करि संयुक्त ऐसे सूच्यंगुलके अर्ध छेदनिका जो प्रमाण यावत होई तावत् ते द्वीप समुद्र पूर्वोक्त अनुक्रम करि अभ्यंतर वेदीतैं परै जाइ राजू पतनरूप क्षेत्रको प्राप्त हो है। तहां पीछे सर्व द्वीप समुद्रनिविषैं ड्योढ लाख १५०००० योजन परै अभ्यंतर वेदीतैं परैं जाइ राजू पड़ै है। कैसे सो कहिए है "अंतधणं गुणगणियं आदिविहीणं रूऊणुत्तरभजियं" इस करण सूत्र करि अंतका धन पिचहत्तरि हजार ताकौं गुणकार दोय करि गुणे ड्योढ लाख भए तिनमैं

ादिका प्रमाण एक प्रदेश घटाइए अर एक घाटि गुणकारका प्रमाण कताका भाग दीजिए तब एक प्रदेश घाटि ड्योढ लाख योजन प्रमाण ाए। सो संख्यात सहित सूच्यंगुलका अर्द्धछेद प्रमाण द्वीपसमुद्र भए। ांतविषैं अभ्यंतर वेदीतैं इतनें परैं जाइ राजू पडै है। बहुरि आघा आधाकी अर्थ संदृष्टि ऐसी–

$$\frac{७५०००\;\;७५०००}{२}\;\frac{७५०००००}{२५}$$

$$स\; २\;\frac{२\;\;\;२०००४}{२\;\;\;२२}$$ २।१ इहां संदृष्टिविषैं पहिलै तौ पिचहत्तरि हजारतैं लगाइ आधे आधे किए आधा करनेकों दोयका भागहार जानना, ताके आधा करनेकों तिस भागहारको दोयका गुणकार जानना। बहुरि मध्य भेदनिके ग्रहणनिमित्त वींचि बिंदी जाननी। बहुरि आगे सूच्यंगुलतैं लगाय आधा आधा क्रम जानना। बहुरि मध्य भेदनिके ग्रहणनिमित्त बीचि बिंदी जाननी। बहुरि आगे सूच्यंगुलतैं लगाय आधा आधा क्रम जाननां। सूच्यंगुलकी सहनानी दोयका अंक जानना। बहुरि मध्य भेदनिके ग्रहण निमित्त वीचि बिंदी जाननी। बहुरि आगें च्यारि दोय एक प्रदेश जानने ऐसै आधा आधाका प्रमाण जानना। ऐसे पूर्व पूर्व प्रमाणतें उतर उत्तर प्रमाण अधिक करना। बहुरि अंक संदृष्टिकर जैसे चौसठितैं लगाय एक पर्यंत आधा आधा करिये इहां जाननी। ६४। ३२। १६। ८। ४। २। १। ऐसै ड्योढ लाख योजनका क्रम करि लवणसमुद्र पर्यंत असंख्यात द्वीप समुद्रनिकौं जाईकरि ॥३५७॥ कहा सो कहैं हैं।—

लवणे दु पडिदेक्क जबूए देज्जमादिमा पंच ॥
दीउदही मेरुमला पयदुवजोगी ण छज्जेदे ॥ ३५८ ॥
लवणे द्विः पतितः एकं जंबौ देहि आदिमाः पंच ॥
द्वीपोदधयः मेरुशलाः प्रकृतोपयोगीनः न षट् चैते ॥३५८॥

अर्थ- लवण समुद्रविषैं दोय अर्ध छेद पडै है । कैसै? राजूकौं आधा आधा करतें जहां दोय लाखका अर्धछेद करिए तब सतरहवार भय एक योजन उवरै । बहुरि एक योजनके अंगुल सात लाख अडसठि हजार तिनके अर्द्ध च्छेद करिए तब उगणीसवार भए एक अंगुल उवरै । बहुरि राजूका अर्धछेद किएं प्रथम अर्धछेद मेरुकै मध्य पड्या सो ऐसे सतरह उगणीस एक अर्धछेद मिलि सख्यात अर्धच्छेद भए । बहुरि एक अंगुल उवर्या था सो वह सूच्यंगुल है सो सूच्यंगुलके अर्धछेद इतनें छे छे । इहां पल्यके अर्ध छेद'नका वर्ग प्रमाण सूच्यगुलके अर्ध छेद जानने । इनकौं मिलाए संख्यात अधिक सूच्यंगुलके अर्ध छेद प्रमाण एक लाख योजनके अर्धछेद भए तिनकी सहनानी ऐसी $\overset{उ}{छेछे}$ इहां संख्यात अधिककी सहनानी ऊपरि ऐसे १ जाननी । इतने अर्धछेदनिविषैं अपनयन त्रैराशिक विधिकरि घटाए जो प्रमाण आवैं तितनी द्वीपसमुद्रनिकी संख्या जाननीं अपनयन त्रैराशिक विधि कैसे सो कहे है ।

राजूका अर्धछेद इतने कहे $\overset{उ}{छे छे छे ३}$ तहां पल्यके अर्ध छेदनिका असख्यातवां भाग प्रमाण तौ गुण्य जानना $\overset{छे}{७}$ बहुरि पल्यके अर्ध छेदनिका वर्ग तिगुणा सो गुणकार जाननां छे छे ३ तहां जो इतने छे छे ३ गुणकारकौं देखि करि गुणकार प्रमाण राशि घटानेकौं गुण्यविषैं एक घटाइए तौ इतना $\overset{१}{छे छे}$ घटावनेके अर्थि गुण्यमैं कितना घटाइए ऐसैं त्रैराशिक करिए तहां प्रमाण राशि ऐसा छे छे ३ फलराशि १ इच्छा राशि ऐसा १ छे छे फल करि इच्छाकौं गुणि प्रमाणका भाग दीजिए तहां भाज्य राशि अर भागहार राशि दोऊनिविषैं पल्य अर्ध छेदनिका वर्ग ऐसा छे छे तिनकौं समान देखि भागहारविषै उवर्या तिनका

अंक ताका भाज्यविषैं असंख्यात उवरे तीहू करि साधिक एकको भाग दीजिए। इतनां गुण्यातवैं घट्या। ऐसे करि अ.नां साधिक एकका तीसरा भाग करि हीन पल्यका अर्ध छेदनिका असंख्यातवां भाग प्रमाण गुणकको पल्यका अर्ध छेदनिका वर्ग अर तीन करि गुणें जो प्रमाण होइ इतने सर्व द्वीपसमुद्र हैं तिनकी सहनानि ऐसे छे छे छे ३ इहां अधिक तृतीय भाग घटावनेकी सहनानी ऐसी ३ जाननी। (इनविषैं आधे द्वीप आधे समुद्र जानने।) ऐसें द्वीप समुद्रनिकी संख्या कहि अब जाका अधिकार है ताकों कथनविषैं जोडे है। जंबू-द्वीप लाख योजनप्रमाण तासौं लाखयोजन रहै। तहां लवणसमुद्रका अभ्यंतर पटलतैं ड्योढलाख योजन परैं लवण समुद्रविषै जाइ अर्ध पडै है। ऐसैं दो बहुरि ताका आधा लाख योजन भए लवण समुद्रका अभ्यंतर तटतैं पचास हजार योजन परै जाइ अर्धच्छेद पडै है ऐसैं दोइ अर्धछेद जाननें। बहुरि तहां एक जंबूद्वीपकूं देहु।

भावार्थ—दोय अर्ध छेदनिविषैं एक अर्धच्छेद तो लवण समुद्रका गिनना। अर एक अर्धविषैं पचास हजार योजन जंबूद्वीपके मिलाएं लाख योजन होई सो इस अर्धछेदकों जंबूद्वीपका गिनना ऐसे ए अर्धच्छेद कहे। बहुरि इन अर्धछेदनिविषैं आदिके जंबू द्वीप दी पाच द्वीपसमुद्र संबंधी पांच अर्धछेद अर मेरुशलाका करि एक राजूको आधा करते प्रथम अर्धछेद कह्या सो ऐसे ए छह अर्धछेद इहां अधिकार रूप ज्योतिषी बिंबनिका प्रमाण ल्यावनेविषें उपयोगी कार्यकारी नाहीं जातैं तीन द्वीप समुद्रनिके बिंबका प्रमाण जुदा ग्रहण करेंगे तातें पांच अर्धच्छेद तो ए कार्यकारी नाहीं अर मेरुशलाका रूप प्रथम अर्धच्छेद विषैं कोई द्वीप समुद्र आया नाहीं तातैं सो कार्यकारी नाहीं ऐसे छह अर्धछेद आगैं घटावेंगे।। ३५८ ।। कहा सो कहै है—

तियहीणसेढिछेदणमेत्तो रज्जुच्छिदी हवे गच्छो ॥
जंबूदीवच्छिदिणा छरूवजुत्तेण परिहीणो ॥ ३५९ ॥

त्रिकहीनश्रेणिछेदनमात्रः रज्जुच्छेदः भवेत् गच्छः ॥
जंबूद्वीपछेदेन षड्रूपयुक्तेन परिहीनः ॥ ३५९ ॥

अर्थ—तीन घाटि जगच्छ्रेणीका अर्ध प्रमाण एक राजूके अर्द्धच्छेद हैं। तिनमें जंबूद्वीप लाख योजन प्रमाण ताके अर्धच्छेद छह अर्धछेदनिकरि संयुक्त घटाएं ज्योतिषी बिंबनिकी संख्या ल्यावनेविषैं गच्छका प्रमाण हो है। तहां जगच्छ्रेणी अर्धच्छेद इतने हैं छे छे छे ३ / ७
इहां पल्यके अर्धच्छेदनिकी सहनानी ऐसी छे अर नीचे असंख्यातकी सहनानी ऐसी ७ ताका भागहार जानना।

बहुरि आगें पल्यके अर्धच्छेदनिका वर्गका गुणांकी सहनानी ऐसी छे छे छे ३ ताका गुणकार जाननां। बहुरि इनमें तीन अर्धच्छेद घटाएं राजूके अर्धच्छेद होहि ऽ जातैं जगच्छ्रेणीके सातवें भाग राजू हैं। सो ऽ
सातके तीन अर्धच्छेद होहि ताकी सहनानी ऐसी छे छे छे ३ / ७ इहां ऊपरि घटावनेकी सहनानी ऐसी ऽ जाननी बहुरि इन अर्धच्छेदनिका प्रमाणविषैं जंबूद्वीपके अभ्यंतर पचास हजार योजन अर बाह्य पचास हजार योजन मिलि एक लाख योजन प्रमाण जंबूद्वीप संबंधी अर्धछेद कह्या था सो इन लाख योजननिके अर्धच्छेद घटाइए। तहां एक लाखके अर्धच्छेद तिनमें छह करिए तब सत्रह १७ बार भएं एक योजन उबरै। बहुरि एक योजनके अंगुल सात लाख अडसठि हजार तिनके अर्ध छेद करिए तब उगणीसवार भएं एक अंगुल उबरै। बहुरि राजूका अर्धच्छेद कीए प्रथम अर्धच्छेद मेरुके मध्य पड्या सो ऐसें सत्रह उगणीस एक अर्धच्छेद मिलि संख्यात अर्धच्छेद भए। बहुरि एक अंगुल उबर्या था सो वह सूच्यंगुल है। सो

सूच्यंगुलके अर्धच्छेद इतने छे । इहां पल्यके अर्धच्छेदनिका वर्ग प्रमाण सूच्यंगुलके अर्धच्छेद जानने । इनकौं मिलाएं संख्यात अधिक सूच्यंगुलके अर्धच्छेद प्रमाण एक लाख योजनके अर्धच्छेद भए । तिनकी सहनानी ऐसी छे छे । इहां संख्यात अधिककी सहनानी उपरि ऐसी ? जाननी । इतने अर्धच्छेद राजूके अर्धच्छेदनिविषैं अपनयन त्रैराशिक विधिकरि घटाइएं जो प्रमाण आवै तितनी द्वीप समुद्रनीकी संख्या जाननी । अपनयन त्रैराशिक विधि कैसें ? सो कहे हैं ।—

राजूके अर्धछेद इतने कहे छे छे छे ३ तहां पल्यके अर्धछेदनिका असंख्यातवां भाग प्रमाण तौ गुण्य जाननां छे । बहुरि पल्यके अर्धच्छेदनिका वर्ग तिगुणां गुणकार जानना छे छे ३ । इहां जो इतने छे छे ३ गुणकारकौं देखि करि गुणाकार प्रमाण राशि घटावनैकौं गुण्यविषैं एक घटाइए तौ इतना घटावनेंके अर्थि गुण्यमैंसौं कितना घटाइए ऐसैं त्रैराशिक करिए । तहां प्रमाण राशि ऐसा छे छे ३ फलराशि एक १ इच्छा राशि ऐसा छे छे । फलकरि इच्छाकौं गुणि प्रमाणका भाग दीजिये, तहां भाज्य राशि अर भागहार राशि दोऊनिविषैं पल्यका अर्ध छेदनिका वर्ग ऐसा छे छे । तिनकौं समान देखि भागहारविषैं उवर्या तीनका अंक ताका भाज्यविषैं संख्यात उवरैं तीहकरि साधिक एककौं भाग दीजिये, इतना गुणविषैं घटाया । ऐसैं करि साधिक एकका तीसरा भाग करि हीन पल्यका अर्धच्छेदनिका असंख्यातवां भाग प्रमाण गुण्यकौं पल्यका अर्धच्छेदनिका वर्ग अर तिनकरि गुणें जो प्रमाण होइ तामें तीन घटाइए । इतने सर्व द्वीप समुद्र हैं तिनकी सहनानी ऐसी छे छे छे ३ । $\frac{१}{३}$ । इहां साधिक तृतीय भाग घटावनें की सहनानी ऐसी $\frac{१}{३}$ जाननी । इनविषैं आधे द्वीप आधे समुद्र जाननें । ऐसैं द्वीपसमुद्रनिकी संख्या कहि । अब जाका अधिकार हैं ताकौं कथनविषैं जोडै हैं । जंबूद्वीप लाख योजन प्रमाण ताके अर्धच्छेद तिनमें

छह अर्धच्छेद और मिलाइए, इनकौं जोडि जो प्रमाण होइ तितनैं अर्धच्छेद राजूके अर्धच्छेदनिमैंस्यौं घटाएं जो प्रमाण होइ तितनां सर्व द्वीप समुद्रसम्बन्धी चंद्रसूर्यादिकनिके प्रमाणल्यावनेंकौं गच्छका प्रमाण जाननां। भावार्थ—यहु पूर्वे द्वीपसमुद्रनिकी संख्या कही तामैं छह घटाएं इहां गच्छका प्रमाण होहै ॥ ३५९ ॥

आगैं तिन ज्योतिषी बिंबनिकी संख्या ल्यावनेविषैं जो गच्छ कहा ताकी आदि कहैं हैं—

> पुक्खरसिंधुभयधणं चउधणगुणमयछहत्तरी पभओ ॥
> चउगुणपचओ रिणमवि अडकदिमुहमुवरि दुगुणकमं।३६०।
> पुष्करसिंधूभयधनं चतुर्धनगुणशतषट्सप्ततिः प्रभवः ॥
> चतुर्गुणप्रचयः ऋणमपि अष्टकृतिमुखमुपरि द्विगुणक्रमं ॥

अर्थ—स्थानिकनिका जो प्रमाण सो गच्छ कहिए वा पद कहिए। बहुरि गच्छविषैं जो पहला स्थानविषैं प्रमाण सो आदि कहिये वा प्रभव कहिये वा मुख कहिये। बहुरि स्थानस्थानप्रति जितनां जितनां बधै सो प्रचय कहिये। बहुरि सर्व स्थानका संबंधी वृद्धिका प्रमाण विनां जो आदि ताकौं जोडें जो प्रमाण होइ सो आदि धन कहिये। बहुरि सर्व स्थानका संबंधी वृद्धिकौं जोडें जो प्रमाण होइ सो उत्तर धन कहिये। सो इहां पुष्कर नामा समुद्रका आदि धन अर उत्तर धन मिलाएं च्यारिका घन चौसठि तीह करि गुण्या हुवा एकसौ छिहत्तरि प्रमाण उभय धन हो है सो इहां प्रभव जाननां। बहुरि एक एक द्वीप वा समुद्रप्रति चौगुणा चौगुणा बधती धन है सो प्रचय जाननां। बहुरि ऋणविषैं आठकी कृति चौसठि तीह प्रमाण तो मुख जाननां। ऐसे धनराशि ऋण राशिकौं जानि धनराशिविषै ऋणराशिकौं घटाए स्थानस्थानविषैं प्रमाण जाननां। तहां पुष्कर समुद्रका आदि धन उत्तर धन कैसें ल्यावनां सो कहिए हैं—

आदितैं आदि दूणादूणा क्रमतैं कहे थे तातैं पुष्करार्ध द्वीपका आदि वलयविषं एक सौ चवालीस थे तिनतैं दूणे पुष्कर समुद्रका आदि वलयविषै हैं । १४४ ।२। सो इहां मुख जाननां । बहुरि "पदहतमुख-मादिघनं" इस सूत्र करि गच्छकरि गुण्यां हुवा मुखका प्रमाण सो आदि धन है । सो इहां बत्तीस वलय हैं । तातै गच्छका प्रमाण बत्तीस तिहकरि मुखकौं गुणैं जो मुखविषै दोयका गुणकार था ताकौं बत्तीस करि गुणि अर एकसौ चवालीसके आगे चौसठीका गुणकार स्थापिएं १४४ । ६४ । इतनां तौ आदिधन जाननां बहुरि "व्येकपदार्द्धघ्न-चयगुणोगच्छउत्तरधनं" इस सूत्रकरि एक घाटि गच्छका आधा करि चयकौं गुणि तीहकरि गच्छकौं गुणें उत्तर धन हो है। सो इहां एक घाटि गच्छ इकतीस ३१ ताका आधा $\frac{31}{2}$ करि चयका प्रमाण एक एक वलय विषै च्यारि च्यारि बधती है, तातैं च्यारि च्यारि करि गुणिए ३१।४ बहुरि इनकौं गच्छ बत्तीस करि गुणिए ३१।४।३२ बहुरि भागहारका दूवा करि गुणकारका चौका अपवर्तन किए दोय होय ती-हकरि बत्तसका गुणकार गुणें चौसठि होइ । ऐसें इकतीसकौं चौसठि गुणा करिए ३१।६४ इतना उत्तरधन हुवा । बहुरि इस उत्तर धनविषैं चौसठिका ऋण मिलावना सो उत्तर धनविषैं चौसठिका गुणकार जानि गुण्यविषैं एक मिलाया तब बत्तीसकौं चौसठि गुणा करिए। इतनां उत्तर धन भया ३२।६४

इहां ऋणका मिलावना बहुरि याहीको घटावनां सो सुगम गणित आवनेके अर्थि करिएं हैं बहुरि आदिधन अर उत्तर धनविषैं गुण्य बत्तीस इनको मिलाइ एक सौ छिहत्तरि गुण्य किया अर चौसठि गुणकार किया । ऐसे चौसठि गुणां एक सौ छिहत्तरि १७६।६४ प्रमाण पुष्कर समुद्रका उभय धन सो ज्योतिर्बिंबनिका प्रमाण ल्यावनेके अर्थी जो गच्छ कह्या था ताका प्रभव कहिए आदि जाननां। बहुरि यातैं चौगुणां बारु-

णीवर द्वीपविषै धन जाननां। कैसे सो कहिए है। पूर्व आदितैं दूणां इहां आदि वलय विषैं है सो मुख १४४२।२। जाननां। बहुरि "पद-हतमुखमादिधनं" इससूत्रकरि याकों इहां वलय चौसठि है तातैं गच्छका प्रमाण चौसठि तीहकरि गुणिए। १४४। २। २। ६४। बहुरि— "व्येक पदार्धघ्नचयगुणोगच्छः उत्तरधनं" इस सूत्र करि एक घाटि गच्छ प्रमाण तरेसठि ६३ ताका आधा $\frac{६३}{२}$ कों वलय वलय प्रति बधती प्रमाणरूप चय च्यारि करि गुणिए $\frac{६३}{२}$। ४ बहुरि याकौं गच्छ चौसठि करि गुणिए $\frac{६३}{२}$।४। ६४ बहुरि दोयके भागहार करि गुणिए $\frac{६३}{२}$। ४ बहुरि याकौं गछ चौसठि करि गुणिए $\frac{६३}{२}$ ४। ६४ बहुरि दोय के भागहार करि च्यारिका अपवर्तनकरि दूवाकौ चौसठिके आगें स्थापिए ६४ ।६४ यामैं पूर्वोक्त दूणा ऋण मिलाइए सो दुगुणां चौसठि मिलाइए ६४।२ सो दुगुणा चौसठिका गुणाकार समान देखि गुण्यविषैं एक मिलाइये ६४। ६४। २। बहुरि सर्वत्र चौसठि गुणां एकसौ छिहत्तरि करनां तातैं जिह भांति बत्तीस रहै तैसै समेदन करि चौसठिकी जायगा तौ बत्तीस करिए अर दोय आगैं धरिए ३२। २। ६४। बहुरि दोय दूवानिकौं परस्पर गुणि च्यारिका अंक लिखिए ३२। ६४। ४ ऐसे उत्तर धन होइ। बहुरि आदि धन १४४। २। ४। ४। अर उत्तर धन दोऊनिकौं मिलाएं चौसठि गुणा एक सौ छहतरिका चौगुणा उभयधन होइ ऐसै ही एक एक द्वीप वा समुद्रविषैं चौगुणा चौगुणा तौ धन जानना। अर जो उत्तर धनविषैं ऋण मिलाय था सो पुष्करवर समुद्रविषै तौ ऋण आठकी कृति जो चौसठि तिह प्रमाण जाननां। अर ऊपरि दूणा परि दूणा जाननां। ऐसे धनविषैं आदि तौं चौसठि गुणा

एकसौ छिहत्तरि १७६ । ६४ बहुरि उत्तर गुणकार च्यारि गच्छ पूर्वोक्त प्रमाण ऐसा छे छे छे ३ इनको ल्याइ ॥ ३६० ॥

इनका संकलनरूप धनकौ ल्यावता थका सर्व ज्योतिषी बिंबनिके प्रमाण ल्यावनेका विधान कहै हैं—

आणिय गुणसंकलिदं किंचूणं पंचठाणसंठवियं ॥
चंदादिगुणं मिलिदे जोइसबिंबाणि सव्वाणि ॥ ३६१ ॥
आनाय्य गुणसंकलितं किंचिदूनं पंचस्थानसंस्थापितम् ॥
चंद्रादिगुणं मिलिते ज्योतिष्कबिंबानि सर्वाणि ॥ ३६१ ॥

अर्थ—" पदमेत्ते गुणयारे अण्णोण्णं गुणियरूव परिहीणे । रूऊणगुणेणहिए मुहेण गुणयम्मि गुणगणियं । " इस करण सूत्रकरि गच्छ प्रमाण गुणकारकौ परस्पर गुणि तामैं एक घटाइ ताकौं एक घाटि गुणकारका भाग देई मुखकरि गुणें गुणकाररूप सर्व गच्छके जोडका प्रमाण हो है सो । यहां गच्छका प्रमाण छे छे छे ३ सो इतनी जायगा गुणकारका प्रमाण च्यारि तातैं च्यारि अंक मांडि परस्पर गुणिए । तहां इस गच्छविषैं ऊपरिका राशि $\frac{?}{-}$ जगच्छ्रेणीका अर्ध छेद प्रमाण ऐसा छे छे छे $\frac{9}{3}$ ३ बहुरि च्यारिकौं दोयका संमेदन करिए तब दोय जायगा दोय दोय होई २ । २ तहां " तम्मेत्तदुगुणे गमी " इस करण सूत्रके न्याय करि तिस जगच्छ्रेणीका अर्धच्छेद राशि छे छे छे ३ प्रमाण दूवा माण्डि परस्पर गुणें जगच्छ्रेणी होइ । बहरि दोय दोय जायगा दोय दोय थे तातैं दूसरीवार भी तैसैंही ऊपरिका राशि $\frac{?}{9}$ छे छे ३ प्रमाण दूवानिकौं परस्पर गुणें जगच्छ्रेणी होइ और इन दोऊ जगच्छ्रेणीनिकौं परस्परगुणें जगत्प्रतर होइ । ऐसे ऊपरिका राशिप्रमाण गुणकारकौं परस्परगुणें तौ जगत्प्रतर भया । बहुरि नीचे ऋणरूप राशि गुण्यका साधिक तृतीयभाग मात्र था $\frac{१}{३}$ तिस विषैं सत्तरइतो लाखके अर्धच्छेद थे तिन प्रमाण दोय-

बार दूवानिकों परस्पर गुणें एक लक्षका वर्ग भया। १ ल १ ल। बहुरि अंगुलनिके अर्धच्छेद उगणीस थे तिन प्रमाण दोयवार दूवानिकों परस्पर गुणें सात लाख अडसठि हजारका वर्ग भया ७६८००० । ७६८००० । बहुरि सूच्यंगुलका अर्धच्छेद प्रमाण दोयवार दूवानिकौं परस्परगुणें प्रतरांगुल भया। बहुरि छह अच्छेद इहां उपयोगी न कहि घटाए ॥ थे तिन प्रमाण दोयवार दूवानिकौं परस्पर गुणें चौसठिका वर्ग होइ। बहुरि जगच्छ्रेणीका अर्धछेदमैंस्यौं तीन घटाएं राजूके अर्द्धच्छेद होइ ऐसा कहि घटाए थे। तिन प्रमाण दोयबार दूवानिकों माण्डि परस्पर गुणें सातका वर्ग भया। ऐसैं ए सर्व अर्द्धच्छेद घटाए थे तिन प्रमाण दोयवार दोयका अंक मांडि परस्पर गुणें जो जो प्रमाणभया ताका भागहार जाननां। जातैं–" विरलिज्जमाणरासिं जे त्तियमेत्ताणि हीणरूवाणि। तेसिं अण्णोण्णहदी हारो उप्पण्ण रासिस्स " ऐसा करणसूत्र पूर्वे कहि आए हैं। ऐसैं गच्छप्रमाण गुणकारका परस्परगुणनां भया।

बहुरि यामें एक घटाइए ताकी सहनानी ऐसी बहुरि याकौं एक घाटि गुणकार तीन ताका भाग दीजिए। बहुरि मुखका प्रमाण चौसठि गुणां एकसौ छिहत्तरि तीहकरि गुणिए तब धनराशिका जोडदिए जगत्प्रतरकों चौसठिगुणां एकसौ छिहत्तरिकरि गुणिए अर ताकों प्रतरांगुलकों सातलाख अडसठि हजारका वर्ग अर लाखका वर्ग अर चौसठिका वर्ग अर सातका वर्ग अर तीनकरि गुणि ताका भाग दीजिए तामें एक घटाइए इतना संकलित धन=१७६।६४ हो है।

इहां जगत्प्रतरकी सहनानी ऐसी=प्रतरांगुल की ऐसी ४ ४ । ७६८००० । ७६८००० । १ ल । १ ल । ६४ । ६४ । ७ । ७ । ३ । जाननां। बहुरि ऋणराशिका संकलित धनल्याइए तहां गुणाकारका प्रमाण दोय है तातैं पूर्वोक्त गच्छका जितनां प्रमाण तितनां दूवा मांडि परस्पर गुणिएं। तहां

उपरितन राशि प्रमाण दूवा मांडि परस्पर गुणें जगच्छ्रेणी होइ । बहुरि नीचै ऋणरूप राशि तिहविषैं सतरह आदि प्रमाण दूवा मांडि परस्पर गुणें एकलक्ष अर सात लाख अडसठि हजार अर चौसठि अर सात होइ इनका भाग दीजिए। बहुरि इनमें एक घटाइए, बहुरि मुख चौसठि करि गुणिए, बहुरि एक घाटि गुणकार एक ताका भाग दीजिये ऐसैं करतैं ऋण राशिका संकलित घन चौसठि गुणा जगच्छ्रेणीकौं सूच्यंगुल- कौं सात लाख अडसठि हजार अर एक लाख अर सात अर चौसठि अर एक करि गुणि ताका भाग दीजिए। तामें एक घटाइए इतना भया ६ । ४२ । ७६८००० । १ ल । ६४ । ७१ इहां जगच्छ्रेणीकी सहनानी ऐसी–सूच्यंगुलकी ऐसी ऐसी जाननी । अब तिस घन राशि- विषैं जो एक सौ छिहत्तरिकर गुणकार था अर नीचै चौसठिका भाग- हार था तिन दोऊनिकौं सोलाकरि अपवर्तन किएं एकसौ छिहत्तरिकी जायगा ग्यारह हुवा, चौसठिकी जायगा चारि हुवा । बहुरि गुणकारके चौसठिकौं भागहारके चौसठिकरि अपवर्तन किए दोऊ जायगा अभाव भया । बहुरि दोय जायगा सात लाख अडसठि हजार अर दोय जायगा लाख तिनकी सोलह बिंदी स्थापिए । बहुरि अंगुलनिका दोय जायगा सातसै अडसठिका अंक रह्या तिनकौं तिनकरि संभेदनकरि तिनकी जा- यगा दोयसै छप्पन लिखिए आगै तिनका अंक लिखिए ।

बहुरि दोय जायगा दोयसै छप्पन भए तिनकौं परस्पर गुणें पणट्ठी- होई । बहुरि दोय जायगा तिनका अंक भए अर एक जायगा तीनका अंक आगैं था इनकौं परस्पर गुणें सताईस होइ बहुरि सताईसकौं सात- का वर्ग गुणचास करि गुणें तेरहसै तेइस होइ इनकौं जो चौसठिकी जायगा च्यारि भए थे तिनकरि गुणें बावनसै बाणवै होइ । ऐसैं करि जगत्प्रतरकौं ग्यारहका गुणकार अर तरांगुलकौं पणट्ठी अर पांच हजार दोयसै बाणवैके आगैं सोलह बिंदी तिनकरि गुणें जो प्रमाण होइ ताका भागहार दिएं घन राशिका =११ गुण संकलित घन हो है

४।६५=५२९२००००००००००००००० बहुरि जंबूद्वीपतैं लगाय पुष्करार्ध पर्यंत " दोद्दोवग्ग " इत्यादि चंद्रादिकका प्रमाण कह्या २।४।१२।४२।७२ तिनकौं मिलाएं एकसौ बत्तीस भए। बहुरि मानुषोत्तर पर्वत पर्यंत परैं पुष्करार्ध द्वीपविषैं चंद्रमानिका प्रमाण स्यावनकौं कहै हैं।

पदमेगेण विहीणं दुभाजिदं उत्तरेण संगुणिदं ॥
पभवजुदं पदगुणिदं पदगणिदं तं वियाणाहि ॥ १ ॥

इसकरण सूत्रकरि इहां वलय आठ है। तातैं गच्छका प्रमाण आठ तामैं एक घटाइए ७ ताका आधाकारि $\frac{७}{२}$ उत्तर जो वलय वलय प्रति वधतीका प्रमाण च्यारि तिहकरि गुणिए $\frac{७}{२}$। ४ अपवर्तन करिए तब चौदह भए १४ इनविषैं प्रभव जो प्रथम वलयविषैं प्रमाण रूप मुख एक सौ चवालीस जोडिए १५८। बहुरि इनकौं गच्छ आठकरि गुणिए तब बारहसौ चौसठि भए इनविषै एकसौ बत्तीस जंबूद्वीप आदिकके मिलाएं तेरहसै छिनवै होइ सो इनकौं जो पूर्व ऋण संकलित धन भया था तिनमैं घटाइए हैं। जातैं-'ऋणस्य ऋणं राशेर्द्धनं' इसवचनकरि ऋणमैंस्यौं घटावनां अर राशिमैं मिलावनां इन दोऊनिका एक अर्थ है। तहां ऋण सकलित धनसहित तेरहसैं छिनवैका समच्छेद करिए तब ऐसा होइ— १३९६ सू २।७६८०००। १ ल।६४। ७।१। सू २। ७६८०००।१ ल।६४।७।१ सो यहु गुणकार भागहारादिकका अपवर्तनादिक किएं भाज्य राशिकौं परस्पर गुणें संख्यात सूच्यंगुलप्रमाण भया। सो इनकौं पूर्वोक्त ऋण संकलित धनका भाज्यविषैं घटाइए तब ऐसा भया। २।७६८०००।१ ल।७। ६४।१ इहां संख्यात सूच्यंगुलकी सहनानी ऐसी २ जाननी। अर आगैं घटा-

बनेकी सहनानी ऐसी—जाननी। ऐसे ऋण संकलित धनविषैं एक जगच्छ्रेणी। ताका सहित ऋण सहित जो धन संकलित धन पूर्वं कहा तीहस्यौं समान छेद करिए तब ऐसा—सू २ । ६४ । ७६८००० । १ ळ । ७ । ६४ । ३ । ४ । ७६ । ८००० । ७६८००० । १ ळ । १ ळ ७ । ७ । ६४ । ६४ । ३ । भया। इसविषैं सूच्यंगुल विना और सर्व गुणकारनिकों संख्यातरूप मानि इस प्रमाणकों संख्यात सूच्यंगुल गुणित जगच्छ्रेणी प्रमाण ऋण राशिभया भया। ताकी सहनानी ऐसी-- २ इनकों पूर्वोक्त धन संकलित एसा=४।६५=५२९२।१६ इहां सोलह बिंदीनिकी सहनानी ऐसी १६ जाननी। सो इहां जगत्प्रतर विषैं श्रेणीका गुणाकार है तातैं दोयबार श्रेणी है। तहां जगच्छ्रेणीकों ऋण राशिकी जगच्छ्रेणीकेसमान देखि तहांही दूसरी गुणकाररूप जगच्छ्रेणी विषैं घटाएं किंचित् न्यूनपणा आया ऐसे करि गुण संकलित धन कहिए गुणकार विषैं जोडका प्रमाण ताकौ ल्यायें किंचित् न्यून किएं संख्यात सूच्यगुल गुणित जगच्छ्रेणीकरि हीन जगत्प्रतर किंचित्न्यून ग्याग्हगुणां ताकों प्रतरांगुल पणट्ठी प्रमाणकों बावनसै बाणवै आगे सोलह बिंदीका गुणकार करि ताका भाग दीजिए इतनां प्रमाण भया ०—२ । ११ । इहां जगत्प्रतरके आगैं किंचिन्
४।६५=५२९२।१६

न्यूनकी सहनानी ऐसी ०—जाननी अर आगैं संख्यात सूच्यंगुलकी ऐसी २ सहनानी जाननी। अब इसप्रमाणकों पांच जायगा स्थापि एक जायगा एक करि गुणे चंद्रनिका प्रमाण होइ एक जायगा एक करि गुणें सूर्यनिका प्रमाण होई। एक जायगा अठ्यासी करि गुणें ग्रहनिका प्रमाण होइ। एक जायगा अट्ठाईस करि गुणें नक्षत्रनिका प्रमाण होई एक जायगा छ्यासठि हजार नवसै पिचहत्तरि कोडाकोडि करि गुणें तारानिका प्रमाण होइ इन सब निकों जोडैं।

=०—२ । ११ । १=०२ । ११ । ८८

४।६५=५२९२।१६।४।६५=५२९२।१६४।६५=५२९२।१६
=०२ । ११ । २८=०२ । ११ । ६६९७५ । १४
४ । ६५=५२९२ । १६ ॥ ४ । ६५=५२९२ । १६

जगत्प्रतरकौं सात तीन छह सात दोय पांच अंक अर दश बिंदी अर आगैं बारहसैं अठ्याणवै इनका गुणकार अर प्रतरांगुल पणट्ठी आगैं बावनसैं बाणवै सोलह बिंदी इनका भागहार भया। सो इतनें सर्व ज्योतिषी बिंब हैं ।=७३६ ७२५०००००००००००१२९८
४।६५=५.२९२००००००००००००००००

बहुरि स्थान सदृश अपवर्तन कहिए हीन अधिक अंकनिकौं न गिणिकरि दाहकी विषैं दाहकी सैंकडा विषैं सैंकडा इत्यादि यथास्थान अपवर्तन करना तिस न्याय करि सात तीननैं आदिदै करि गुणकारकै वीस अंक अर पांच दोयनैं आदिदैकरि भागहारकै वीस अंकनिका अपवर्तनकरि दोय जायगा अभाव करना। ऐसा मनविषैं विचारि-"वेसदछप्पण्णंगुल" इत्यादि सूत्रकरि दोयसै छप्पन अंगुलका वर्ग जो पणट्ठी गुणित प्रतरांगुल ताका भाग जगत्प्रतरकौ दीजिए इतनें ४ । ६५ । ज्योतिषी बिंब हैं । ऐसा आचार्यनैं कह्या । सोई असंख्यात द्वीप समुद्र संबंधी सर्व ज्योतिषी बिंबनिका प्रमाण जाननां ॥ ३६१ ॥

आगैं एक चंद्रमाका परिवाररूप ग्रहनक्षत्र तारे तिनका प्रमाण कहे हैं-

अडसीदट्ठा वीसा ग्रहरिक्खा तार कोडकोडीणं ॥
छावट्ठिसहस्साणि य णवसयपण्णत्तरिगि चंदे ॥ ३६२ ॥
अष्टाशीत्यष्टाविंशतिः ग्रहऋक्षयास्तारा: कोटीकोटीनां ॥
षट्षष्ठि सहस्राणि च नवशतपंचसप्ततिरेकस्मिन् चंद्रे ॥

अर्थः-अठ्यासी अर अट्ठाईस ग्रह अर नक्षत्र हैं । भावार्थ-ग्रह अठ्यासी हैं नक्षत्र अठ्यासी है । बहुरि तारे छ्यासट्ठि हजार नवसै

पिचहत्तरि कोड़ाकोड़ी हैं ६६९७५०००००००००००००० इतना एक चंद्रमाका परिवार है ॥ ३६२ ॥

आगें अठ्यासी ग्रहनिका नाम आठ गाथानि करि कहैं हैं—

कालविकालो लोहिदणामो कणयक्ख कणयसंठाणा ॥
अंतरदोतो कचयवदुंदुभिरत्तणिहरूवणिब्भासो ॥ ६६३ ॥
कालविकालो लोहितनामा कनकाख्यः कनकसंस्थानः ॥
अतरदस्ततः कचयवः दुंदुभिः रत्ननिभः रूपनिर्भासः ॥३६३

अर्थ—कालविकाल १ लोहित १ कनक १ कनकसंस्थान १ अंतरद १ कचयव १ दुंदुभि १ रत्नानिभ १ रूपनिर्भास १ ॥३६३॥

णीलो णीलब्भासो अस्मसट्ठाण कोस कंसादी ॥
वण्णा कसो संखादिमपरिमाणो य संखवण्णोवि ॥ ३६४ ॥
नीलो नीलाभासोऽश्वस्थानः कोशः कंसादि ॥
वर्णः कंसः शंखादिपरिमाणः च शंखवर्णोऽपि ॥ ३६४ ॥

अर्थ – नील १ नीलाभास १ अश्व १ अश्वस्थान १ कोश १ कंसवर्ण १ कंस १ शंखपरिमाण १ शखवर्ण १ ॥ ३६४ ॥

तो उदय पंचवण्णा तिलो य तिलपुच्छ छाररासीओ ॥
तो धूम धूमकेदि गिसंठाणक्खो कलेवरो वियडो ॥३६५॥
ततः उदयः पंचवर्णस्तिलश्च तिलपुच्छः क्षारराशिः ॥
ततो धूमो धूमकेतुः एक संस्थानः अक्षः कलेवरो विकटः॥

अर्थ—उदय १ पंचववर्ण १ तिल १ तिलपुच्छ १ क्षारराशि १ धूम १ धूमकेतु १ एक संस्थान १ अक्ष १ कलेवर १ विकट १ ॥ ३६५ ॥

इह भिण्णसंधि गंठी माणचउप्पाय विज्जुजिब्भ णभा ॥
तो सरिस णिलय कालय कालादी केउ अणयक्खा ॥३६६
इहा भिन्नसंधिः ग्रंथिः मानश्चतुष्पादो विद्युज्जिह्वो नभः ॥
ततः सदृशो निलयः कालश्च कालादि केतु रनयाख्यः ३६६

अर्थ—अभिन्नसंधि १ ग्रंथि १ मान १ चतुष्पाद १ विद्युज्जिव्ह १ नभ १ सदृश १ निलय १ काल १ कालकेतु १ अनय ॥ ३६६ ॥

सिंहाऊ विउल काला महकालो रुद्णाम महरुद्दा ॥
संताण संभवक्खा सव्वट्ठि दिसाय संतिवत्थुणो ॥ ३६७ ॥
सिंहायुर्विपुलः कालो महाकालो रुद्रनामा महारुद्रः ॥
संतानः संभवाख्यः सर्वार्थीदिशः शांतिर्वस्तुनः ॥३६७॥

अर्थः— सिंहायु १ विपुल १ काल १ महाकाल १ रुद्र १ महारुद्र १ संतान १ संभव १ सर्वार्थी १ दिशा १ शांति १ वस्तुन १ ॥ ३६७ ॥

णिच्चल पलंभ णिम्मंत जोदिमंता सायंपहो होदि ॥
भासुर विरजातत्तोणिद्दुक्खो वीदसोमोय ॥३६८॥
निश्चलः पलंभो निर्मंत्रो ज्योतिष्मान् स्वयंप्रभो भवति ॥
भासुरो विरजस्ततो निदुःखो वीतशोकश्च ॥ ३६८ ॥

अर्थ-निश्चल १ प्रलंभ १ निर्मंत्र १ ज्योतिष्मान् १ स्वयंपभ १ भासुर १ विरज १ निदुःख १ वीतशोक १ ॥ ३६८ ॥

सीमंकर खेमभयंकर विजयादि चउ विमलतत्थाय ॥
विजयण्हु वियसो करिकट्टि गिजडिअग्गिजाल जलकेदू ॥
सीमंकरः क्षेमभयंकरः विजयादि चत्वारः विमलस्त्रस्तश्च ॥
विजयिष्णुः विकमः करिकाष्टः एकजटिरग्निज्वालः ज्वलकेतुः ॥

अर्थः— सीमंकर १ क्षेमंकर १ अभयंकर १ विजय १ वैजयंत १ जयंत १ अपराजित १ विमल १ त्रस्त १ विजयिष्णु १ विकस १ करिकाष्ठ १ एकजटि १ अग्निज्वाल १ जलकेतु १ ॥ ३६९ ॥

केदू खीरसऽघस्सवणा राहू महगहा य भावगहो ॥
कुज सणि बुह सुक्क गुरू गहाण णामाणि अडसीदी ॥३७०॥
केतुः क्षीरसः अघ स्रवणो राहु. महाग्रहश्च भावग्रहः ॥
कुजः शनिः बुधः शुक्र गुरु. ग्रहाणां नामानि अष्टाशीतिः ॥
॥ ३७० ॥

अर्थः—केतु १ क्षीरस १ अघ १ श्रवण १ राहु १ महाग्रह १ भावग्रह १ मंगल १ शनैश्चर १ बुध १ शुक्र १ बृहस्पति १ ऐसैं ग्रहनिकै अठ्यासी नाम हैं ॥ ३७० ॥

आगैं जंबूद्वीपविषैं भरतादिक्षेत्र वा कुलाचल पर्वत तिनकै तारानिका विभाग दोय गाथानिकरि कहैहैं—

णउदिसयभजिदतारा सगदुगुणसलासमब्भत्था ॥
भरहादिविदेहोत्ति य तारावस्सेयवस्सधरे ॥ ३७१ ॥
नवतिशतभक्ततारा स्वकद्विगुणद्विगुणशलाममभ्यस्ताः ॥
भरतादि विदेहांतं च ताराः वर्षे च वर्षधरे ॥ ३७१ ॥

अर्थ·— दोय चंद्रमासंबंधी तारे एकलाख तेतीस हजार नवसैपचास कोडाकोडी जंबूद्वीपविषैं पाईए है । १३३९ । ५ । १५ इनकौं एकसौ निवैका भाग दीजिए जो प्रमाण होइ ताकौं भरतादिक्षेत्र वा कुलाचलनिकी एकतैं दूणी दूणी शलाका विदेह पर्यंत हैं परै आधी आधी । भरत क्षेत्रकी एक शलाका हिमवत पर्वत की दोय शलाका ऐसैं दूणी दूणी किएं विदेहकी चौसठि शलाका तातैं परैं नीलादि विषैं आधी जाननी । १ । २ । ४ । ८ । १६ । ३२ । ६४ । ३२ । १६ ।

८ । ४ । २ । १ । तिनकरि गुणें भरतादिक्षेत्र वा हिमवत आदि कुलाचलनिविषैं तारानिका प्रमाण हो है ।। ३७१ ।।

आगैं पाया हुवा अंकनिकों कहै हैं—

पंचदुत्तरसत्तसया कोडाकोडी य भरहताराओ ।।
दुगुणाहु विदेहोत्ति य तेण परं दलिददलिदकमा ।। ३७२ ।।
पचोत्तरसप्तशतकोटिकोट्यः च भरततारा: ।।
द्विगुणा हि विदेहांतं च तेन परं दलित दलितक्रमः ।।३७२।।

अर्थ:—सातसैं पांच कोडाकोडी भरतविषैं तारे हैं ; तातैं दूणे दूणे विदेह पर्यंत हैं तहां परैं आधे आधे क्रमतैं हैं सोई कहिए हैं । भरतक्षेत्रविषैं सातसै पांच कोडाकोडी ७०५ । १४ हिमवत पर्वतविषैं चौदहसै दश कोडाकोडी १४१ । १५ हैमवत क्षेत्रविषैं अट्ठाईससै वीस कोडाकोडी २८२ । २० । १५ महाहिमवत पर्वतविषैं छप्पनसै चालीस कोडाकोडी ५६ । ५१५ हरिक्षेत्रविषै ग्यारजार दोयसै अस्सी कोडाकोडी ११२८ । १५ निषध पर्वतविषैं बाईस हजार पांचसै साठि कोडाकोडी २३५६ । १५ विदेह क्षेत्रविषैं पैंतालीस हजार एकसौवीस कोडाकोडी ४५१२१५ नील पर्वतविषैं बाईस हजार पांचसैं साठि कोडाकोडी २२५६ । १५ रम्यक क्षेत्रविषैं ग्यारह हजार दोयसै असी कोडाकोडी १२२८ । १५ रुक्म पर्वतविषैं छप्पनसै चालीस कोडाकोडी ५६४ । १५ हैरण्यवत क्षेत्रविषैं अट्ठाईसै वीस कोडाकोडि २८२ । १५ शिखरी पर्वतविषैं चौदहसै दश कोडाकोडी १४१।१५ ऐरावत क्षेत्रविषैं सातसै पांच कोडाकोडी ७०५ । १४ । तारे जानने ।। ३७२ ।।

आगैं लवणादि पुष्करार्ध पर्यंत तिष्ठते चंद्रसूर्य तिनका अंतराल कहै हैं—

सगरविद्लविवूणा लवणादी सग दिवायरद्धहिया ॥
सूरंतरं तु जगदी आसण्ण पहंतरं तु तस्सदलं ॥ ३७३ ॥
स्वकरविदलबिंबोनं लवणादेः स्वकदिवाकरार्धाधिक ॥
सूर्यांतरं तु जगत्यासन्नपथांतरं तु तस्यदलम् ॥ ३७३ ॥

अर्थ—अपनां अपनां जहां जेते सूर्य हैं तहां तितनां सूर्यनिका प्रमाणतैं अर्ध प्रमाणकरि सूर्यके बिंबनिका प्रमाणकौं गुणिकरि जो प्रमाण होइ ताकौं लवणादिकका व्यासमैंस्यौं घटाइए जो प्रमाण रहै ताकौं स्वकीय सूर्यनिका प्रमाणतैं आधा प्रमाणका भाग दीजिए यौं किए जेता प्रमाण आवै तितनां सूर्य सूर्यविषैं अंतराल जाननां। बहुरि जगती कहिए वेदी तिह थकी "आसन्नपथांतरं" कहिए निकटवर्ती सूर्य बिंबका अंतराल सो तिहस्यौं अर्ध प्रमाण जाननां। तहां उदाहरण—लवण समुद्रविषैं सूर्य च्यारि हैं ताका अर्ध प्रमाण दोय तीह करि सूर्य बिंबका प्रमाण अठतालीसका इकसठिवां भाग ताकौं गुणैं छिनवैका इकसठिवां भाग होइ $\frac{96}{61}$ याकौं लवण समुद्रका व्यास दोय लाख योजन तामैं समच्छेद विधान करि घटाइए तब एक कोडि इकईस लाख निन्याणवै हजार नवसैच्यारिका इकसठिवां भाग प्रमाण होइ $\frac{12199904}{61}$ बहुरि एक तौ सूर्यविषैं अंतराल अर सूर्यतैं अभ्यंतर वेदिकाका अर द्वितीय सूर्यतैं बाह्य वेदिका मिलि करि एक अंतराल ऐसे दोय अंतराल विषैं इतनां $\frac{12199904}{61}$ अंतराल होई तौ एक अंतराल विषैं केता अंतराल होइ ऐसैंकरि ताकौं अपने सूर्यनिका प्रमाण च्यारि तातें आधा दोय ताका भागदीएं निन्याणवें हजार नवसै निन्याणवै योजन अर एक योजनका एकसौ बाईस भागविषैं छब्बीस भागताका दोयकरि अपवर्तन

किए तेरह इकसठिवां भाग प्रमाण सूर्य सूर्यविषैं अंतराल जाननां। बहुरि वेदीतैं निकट सूर्यबिंबका अंतराल तातैं आधा जाननां। तहां विषमकौं कैसैं आधा करिए तातैं राशिमैंस्यौं एक घटाइ ९९९९८ ताका आधा करिए तब गुणचास हजार नवसै निन्याणवै योजन भए। बहुरि अवशेष एककौं आधा स्थापि $\frac{1}{2}$ पूर्वोक्त अवशेष तेरह इकसठिवां भाग थे ते राशिके अंश थे तातैं तिनका भी आधा स्थापिए $\frac{13}{61 \mid 2}$ इन दोऊनिकौं समच्छेद विधान करि मिलाइ दोइकरि अपवर्तन करिए तब सैंतीसका इकसठिवां भाग $\frac{37}{61}$ प्रमाण अवशेष आया। ऐसैं ही धातकी खण्ड कालोदक समुद्र पुष्करार्ध द्वीप तिनविषैं तिष्ठते सूर्य सूर्यनिके बीचि अंतराल अर वेदी सूर्यनिविषैं अंतराल ल्यावनां।

भावार्थ—लवण समुद्रादिविषैं च्यारि आदि सूर्य हैं तिनविषैं एक एक परिधिविषैं दोय दोय सूर्य जाननैं तहां लवण समुद्रविषै अभ्यंतर वेदीतैं गुणचासहजार नवसै निन्याणवै योजन अर सैंतीस इकसठिवां भाग परैं जाइ परिधि है तहां सूर्यका विमान हैं। सो अठतालीस इकसठिवां भाग प्रमाण है। बहुरि तातैं परैं निन्याणवै हजार नवसै निन्याणवै योजन अर तेरह इकसठिवां भाग परैं जाइ परिधि है तहां सूर्यविमान है सो अठतालीस इकसठिवां भाग प्रमाण हैं। बहुरि तातैं परैं गुणचास हजार नवसै निन्याणवै योजन अर सैंतीस इकसठिवां भाग परैं जाइ लवण समुद्रकी बाह्यवेदी है। ऐसैं इनकौं मिलाएं दोय लाख योजन प्रमाण लवण समुद्रका व्यास होहै। याही प्रकार धातुकी खण्डविषैं च्यारि लाख योजन व्यास है। तामैं छह जायगा एक एक परिधिविषैं दोय दोय सूर्य हैं। तिनि छहौं परिधिनिके बीचि सूर्य सूर्यविषैं पांच अंतराल है। तिनका प्रमाण ल्यावनां। बहुरि तिस प्रमाणतैं आधा आधा

अभ्यंतर वेदी सूर्यविषैं अर बाह्य वेदी सूर्यविषैं अंतराल है सो ग्यावना। याही प्रकार कालोदक समुद्र पुष्करार्ध द्वीपविषैं भी अंतरालका प्रमाण ग्यावनां ॥ ३७३ ॥

अब चार क्षेत्र कहे हैं—

दो दो चंदरविं पडि एक्केकं होदि चारखेत्तं तु ॥
पंचसयं दससहियं रविबिंबहियं च चारमही ॥ ३७४ ॥
द्वौ द्वौ चंदरवीप्रति एकैकं भवति चारक्षेत्रं तु ॥
पंचशत दशसहितं रविबिंबाधिकम् च चारमही ॥ ३७४ ॥

अर्थ—दोय दोय चंद्रमा वा सूर्यप्रति एक चार क्षेत्र सो कितनां है ? पांचसै दश योजन अर सूर्य बिंबका प्रमाणकरि अधिक है। भावार्थ—चंद्रमा वा सूर्यका गमन करनैंका जु क्षेत्र गली सो चार क्षेत्र कहिए ताका व्यास पांचसै दश योजन अर योजनका अठतालीस इकसठिवां भाग प्रमाण है ५१० । $\frac{४८}{६१}$ तिस च्यार क्षेत्रविषैं गलीनिका प्रमाण आगैं कहैंगे तहां जिस गलीविषैं एकचंद्रमाका सूर्य गमन करै तिसही गलीविषैं दूसरा गमन करै है। तातैं दोय दोय चंद्रमा व सूर्यप्रति एक एक चार क्षेत्र है ॥ ३७४ ॥

आगैं तिन चंद्रमासूर्यनिका जो चार क्षेत्र ताका विभागका नियम कहे हैं—

जंबुरविंदू दीवे चरंति सीदिं सदं च अवसेसं ॥
लवणे चरंति सेसा सगखेत्तेव य चरंति ॥ ३७५ ॥
जंबूरविंदवः द्वीपे चरंति अशीतिं शतं च अवशेषम् ॥
लवणे चरंति शेषाः स्वकस्वकक्षेत्रे एव च चरंति ॥३७५॥

अर्थ—जंबू द्वीप संबंधी सूर्य वा चंद्रमा तौ एकसौ असी योजनतौ द्वीपविषें विचरैं हैं। अब शेष लवण समुद्रविषैं विचरं हैं। बहुरि अवशेष सूर्यचंद्रमा अपनां क्षेत्रहीविषें विचरें हैं। भावार्थः—चार क्षेत्रका जो व्यास कह्या तामें जंबूद्वीपसंबंधी चंद्रमासूर्यनिका एक सौ असी १८० योजन तौ जंबूद्वीपविषैं अर तीनसौ तीस योजन अर अठतालीस भाग लवण समुद्रविषैं चार क्षेत्रका व्यास जाननां। अवशेष पुष्करार्धपर्यंत द्वीप वा समुद्रसंबंधी चंद्रसूर्यनिका चार क्षेत्र अपनां अपनां द्वीपवासमुद्रही विषैं जाननां ॥ ३७५ ॥

आगें सूर्यचद्रनिके वीथी जो गली तिनका प्रमाण कहैं हैं—

पडिदिवसमेकवीथिं चंदाइच्चा चरंति हु कमेण ॥
चंदस्स य पण्णरसा इणस्स चउसीदिसयवीथी ॥ ३७६ ॥
प्रतिदिवसं एकवीथिं चंद्रादित्याः चरंति हि क्रमेण ॥
चंद्रस्य च पंचदश इनस्य चतुरशीतिशतं वीथ्यः ॥३७६॥

अर्थः—दोय दोय मिलिकरि एक एक दिन प्रति एक एक वीथीप्रति चंद्रमा वा सूर्य विचरैं हैं क्रमकरि। तहां चंद्रमाकी पंद्रह वीथी बहुरि इन कहिए सूर्य ताकी एक सो चौरासी गली हैं, भावार्थ-जो चार क्षेत्र कह्या तिहविषें चंद्रमाकी तौ पंद्रहगली हैं, सूर्यकी एकसौ चौरासीगली हैं तहां एक एक दिन प्रति एकएक गलीविषें दोय चंद्रमा वा दोयसूर्य गमन करैं हैं ॥ ३७६ ॥

आगें वीथीनिका अंतराल करि दिवसप्रति गति विशेषकौ कहें हैं--

पथवासपिण्डहीणा चारक्खेत्ते णिरेयपथभजिदे ॥
वीथीण विच्चालं सगबिंवजुदोदु दिवसगदी ॥ ३७७ ॥
पथव्यासपिण्डहीना चारक्षेत्रे निरेकपथभक्ते ॥
वीथीनां विचालं स्वकबिंबयुतं तु दिवसगतिः ॥ ३७७ ॥

अर्थ·—पथव्यास पिण्ड कहिए बिंबका व्यासकरि गुण्या हुवा वीथीनिका प्रमाण तीह करि हीन जो चार क्षेत्र ताकों एक घाटि वीथीनिका प्रमाणका भाग दिएं वीथीनिका अंतरालका प्रमाण हो है। बहुरि एकबीय बिंबप्रमाण तामैं जोडैं दिवस गतिका प्रमाण है। तहां सूर्य बिंबका व्यास योजनका अठतालीस इकसठिवां भाग $\frac{48}{61}$ तीहकरि वीथीनिका प्रमाण एकसौ चौरासीकों गुणिएं तब अठ्यासीसै बत्तीसका इकसठिवां भाग प्रमाण होइ $\frac{8832}{61}$ याकौं समछेद विधानकरि चार क्षेत्रका प्रमाण विषैं घटाइए तहां पांचसै दशयोजनमैंस्यौं समछेद किएं इकतीस हजार एकसौ दशका इकसठिवां भाग होय $\frac{31110}{61}$ यामें सूर्य बिंबप्रमाण अधिक था $\frac{48}{61}$ सो जोडैं इकतीस हजार एकसौ अट्ठावनका इकसठिवां भाग भया $\frac{31158}{61}$ याविषै पथव्यास पिण्ड अठ्यासीसौ बत्तीका इकसठिवां भाग $\frac{8832}{61}$ घटाइएं तब बाईस हजार तीनसै छब्बीसका इकसठिवां भाग होय $\frac{22326}{61}$ याकौं एक घाटि वीथीनिका प्रमाण एकसौ तियासी ताका भाग दीजिए तहां पूर्व भागहार इकसठि ताकों एकसौ तियासी करि गुणि भाग दीजिये तब बाईस हजार तीनसै छब्बीसकों ग्यारह हजार एकसौ तेरसठिका भाग दीजिए इतना भया $\frac{22326}{11163}$ तहां भाग दिएं दोय योजन पाए, सो दोय योजन प्रमाण

वीथीके बीच अंतराल है बहुरि यामें स्वकीय बिंब जो जो सूर्यबिंबका प्रमाण योजनका अडतालीस इकसठिवां भाग सो मिलाएं एकसौ सत्तरिका इकसठिवां भाग प्रमाण दिन दिन प्रति गमनक्षेत्रका प्रमाण हो है।

भावार्थः—पूर्वोक्त चार क्षेत्रका व्यासविषें एकसौ चौरासी गमन करनैं की गली है। तहां प्रथम गली अर दूसरी गली विषें दोय योजनका अंतराल है ऐसें ही दोय दोय योजनका एक अंतराल जाननां। बहुरि प्रथम गलीकी आदीतैं द्वितीय गलीकी आदि पर्यंत अंतराल जाननां ऐसैं ही दिन दिन प्रति तातैं दूसरे दिन तिस प्रथम गलीतैं योजनका एक सौ सत्तरीका इकसठिवां भाग परैं जाइ दूसरी गलीविषैं गमन करे हैं। ऐसे दिन २ प्रति परैं परैं गमन क्षेत्रका प्रमाण जाननां। बहुरि ऐसें ही चंद्रमाका चार क्षेत्र इकतीस हजार एक सौ अठ्ठावन योजन इकसठिवां भाग प्रमाण $\frac{३११५८}{६१}$ तामें पथ व्यास पिण्ड आठसौ चालीसका इकसठिवां भाग $\frac{८४०}{६१}$ तामें घटाइ एक घाट चौदह १४का भाग दिए पैंतीस योजन अर दोइसै चौदहका च्यारिसै सत्ताईसवां भाग प्रमाण तौ वीथी वीथीविषें अंतराल हो है। यामें चंद्रबिंबका प्रमाण मिलाए छत्तीस योजन अर एकसौ गुण्यासीका चारिसै सत्ताईसवां भाग प्रमाण दिन दिन प्रति गमन क्षेत्रका प्रमाण जाननां ॥३७७॥

ऐसें ल्याया जो दिन प्रति गमन प्रमाण ताकौ आश्रय करि मेरुतैं मार्ग मार्ग प्रति अंतराल अर तिन मार्गनिका परिधिकौं कहै हैं—

सुरगिरिचंदरवीणं मग्गं पडिअंतरं च परिहिं च ॥
दिणगदितप्परिहीणं खेवादो साहए कमसो ॥ ३७८ ॥
सुरगिरिचंद्ररवीणां मार्गं प्रत्यंतरं च परिधिः च ॥
दिनगतितत्परिधीनां क्षेपात् साधयेत् क्रमशः ॥ ३७८ ॥

अर्थः—मेरुगिर अर चंद्रमा सूर्यनिका मार्ग इनकै वीचि अंतराल, बहुरि तिन मार्गनिका परिधि सो ल्यावनां। कैसैं सो कहिए हैं—जंबूद्वीपका व्यासका एक लाख योजन तामैं जंबूद्वीपके अंततैं एकसौ अस्सी योजन उरैं अभ्यंतर मार्ग है। तातैं सन्मुख दोऊ पार्श्वनिका द्वीपसंबंधी चारक्षेत्र मिलाए तीनसै साठियोजन भए सो घटाएं निन्यानवै हजार छसै चालीस योजन प्रमाण अभ्यंतर वीथीका सूचीव्यास हो है। इतनांही अभ्यंतर वीथीविषैं तिष्ठते सन्मुख दोऊ सूर्य तिनकै बीच अंतराल है। बहुरि तामैं मेरुका व्यास दशहजार योजन घटाइ ८९६४० आधा करिए तब चवालीस हजार आठसैबीस योजन प्रमाण मेरुगिरि अर अभ्यंतर वीथी विषैं तिष्ठता सूर्यकै वीचि अंतराल हो है।

बहुरि यामैं दिनगतिका प्रमाण दोय योजन अर अठतालीसका एकसठिवां भागप्रमाण मिलाएं चवालीसहजार आठसैं बावीस योजन अर अठतालीसका इकसठिवां भाग प्रमाण दूसरी वीथी विषैं दिनगतिका प्रमाण मिलाएं उत्तरोत्तर पथ विषै तिष्ठता सूर्य अर मेरुगिरिकै बीचि अंतरालका प्रमाण हो है। बहुरि अभ्यंतर वीथीका सूचीव्यास ९९६४० विषैं दूणा दिन गतिका प्रमाण तीनिसै चालीसका इकसठिवां भाग ताका पांच योजन अर पैंतीसका इकसठिवां भाग मिलाएं निन्याणवै हजार छसै पैंतालीस योजन योजनका पैंतीस इकसठिवां भाग प्रमाण वीथीविषैं तिष्ठते दोऊ सूर्य तिनकै बीचि अंतराल हो है। इतनांही दूसरी वीथीविषैं तिष्ठते दोऊ सूर्य तिनके बीचि अंतराल हो है। इतनांही दूसरी वीथीका सूची व्यास हो है। ऐसैं अपना अभ्यंतरवर्ती पूर्वपूर्व व्यासविषैं तिष्ठते दोऊ सूर्यनिकै बीचि अंतराल हो है। बहुरि—

" विक्खंभवग्गदहगुणकारिणी वट्टस्सपरिरहो होदि "

इस कारण सूत्रकरि अभ्यंतर परिधिका (सूची व्यास ९९६४० का परिधि अनाईये। तब तीन लाख पंद्रह हजार निवासी ३१५०८९

योजन प्रमाण होइ बहुरि यामें यामें दूना दिन गतिका प्रमाण ३४० का परिधिका) प्रमाण विष्कंभ ३४० का वर्ग दश गुणा ११५६००० / ६१ / ६१।६१ ताका वर्गमूल १०७५ ल्याइ अपना भाग हारका भागदिए सतरह योजन अर योजनका अठतीस इकसठि भाग होइ सो मिलाए तीन लाख पंद्रह हजार एकसौ छह योजन अर योजनका अठतीस इकसठिवां भाग प्रमाण ३१५१०६ । ३८/६१ द्वितीय वीथीका परिधि हो है। ऐसे ही दूणा गतिका परिधिका प्रमाण पूर्व पूर्व वीथीका परिधिविषैं जोडै उत्तर उत्तर वीथीका परिधि हो है। इस प्रकार करि दिन गतिके मिलावनेतैं अर दूणादिन गतिका परिधिके मिलावनेतैं क्रमतें मेरुगिरि सूर्यके वीचि अंतराल अर वीथीनिका परिधि साधिए हैं ॥ ३७८ ॥

आगैं ऐसै कह्या जु परिधि तिहविषैं भ्रमण करता सूर्य ताके दिन रात्रिको कारणपनैं अर तिन दिन रात्रनिका प्रमाण मार्गनिकी अपेक्षा करि कहे हैं—

सूरादोदिणरत्ती अट्ठारस बारमा मुहुत्ताणं ॥
अब्भन्तरम्हि एदं विवरीय बाहिरम्हि हवे ॥३७९ ॥
सूर्यात् दिनरात्री अष्टादश द्वादश मुहूर्तानाम् ॥
अभ्यन्तरे एतत् विपरीतम् बाह्ये भवेत् ॥ ३७९ ॥

अर्थः— सूर्यतैं दिन रात्र अठारह मुहूर्त प्रमाण अभ्यंतर परिधिविषैं हो है। यहु ही विपरीत उलटा बाह्य परिधिविषै हो है। भावार्थः—जंबूद्वीपकी वेदीतैं उरैं एकसौ अस्सी योजन जो अभ्यंतर परिधि है तिहविषैं सूर्य भ्रमण करै तिह दिन अठारह मुहूर्तका तो दिन हो है। अर बारह मुहूर्तकी रात्र हो है। बहुरि लवण समुद्रविषैं सूर्य बिंब प्रमाण करि अधिक तीनसै तीस योजन परैं जो बाह्य परिधि तिहि

विषैं सूर्य भ्रमण करै तिह दिन बारह मुहूर्तका दिन हो है । अठारह मुहूर्तकी रात्रि हो है ॥ ३७९ ॥

आगैं सूर्यका अवस्थिति स्वरूप अर दिन रात्रिविषैं हानिचय कहैं हैं ।

> कक्कडमयरे सव्वब्भन्तरबाहिरपहट्ठि ओहोदि ॥
> मुहभूमीण विसेसे वीथीणंतरहिदेय य चयं ॥ ३८० ॥
> कर्कटमकरे सर्वाभ्यन्तर बाह्य पथस्थितो भवति ॥
> मुखभूम्योः विशेषे वीथीनामान्तरहिते च चयः ॥३८०॥

अर्थः—कर्कट अरमकरविषैं सर्व अभ्यन्तर बाह्यपथविषैं तिष्ठतो सूर्य है । भावार्थ—कर्कराशिविषैं सूर्य प्राप्त होई तब अभ्यंतर वीथी विषैं भ्रमण करैं हैं । बहुरि मकरराशीविषैं सूर्य प्राप्त होय तब बाह्य वीथीविषैं भ्रमण करै है । बहुरि तिस राशिकी समाप्तापर्यंत दिनरात्रीका प्रमाण तितनाही रहै हैं कि विशेष है । तहा कहिए हैं दिन दिन प्रति हानिचय हैं । कैसें? मुखतो बारह मुहूर्तक. दिन अर भूमि अठारह मुहूर्तका दिन तहां विशेषे कहिए भूमिमैंस्यौं मुख घटाएं अवशेष छह रहे इनको वीथी एकसौ चौरासी तिनकै वीचि अन्तराल एकसौ तियासी सो इतनै दिननिविषैं जो छह मुहूर्त होई तौ एक अंतराल विषैं कितना मुहूर्त होइ । ऐसे किएं छहका तीनसौ तिया सिवां भाग हो है । तहां तीन करि अपवर्तन कीए दोय मुहूर्तका इकसठिवां भाग प्रमाण दिन दिन प्रतिहानि चय होय है ।

भावार्थः—अभ्यन्तर वीथी विषैं सूर्य जिह दिन भ्रमण करै तिह दिन अठारह मुहूर्तका दिन हो है । बहुरि तातैं परैं दूसरी वीथी विषैं जिह दिन भ्रमण करै तिह दिन अठारह मुहूर्तमैंस्यौं दोय मुहूर्तका इकसठिवां भाग घटाइए इतने प्रमाण दिन हो है । ऐसेही दिन दिन प्रति घटता घटता बाह्यविषैं सूर्य भ्रमैं तिह दिन बारह मुहूर्तका दिन

हो है। बहुरि तिसतैं उरैं मार्गविषै सूर्य भ्रमै तिह दिन बारह मुहूर्तवि-षै दोई मुहूर्तका इकसठिवां भाग मिलाइए इतना दिन हो है। ऐसैं हानि चय जाननां। बहुरि तिस मुहूर्तका अहोरात्र है तामैं जितनें प्रमाण दिन होय सो घटाएं अवशेष तहां रात्रिका प्रमाण जाननां ॥ ३८० ॥

ऐसैं कहै जु दिन रात्रि तिनविषैं तौ ताप अर तमको वर्तमान काल है। दिनविषैं तौ ताप कहिए तावड़ा वर्तै है रात्रिविषैं तमकौं कहिए अंधकार वर्तै है। तातैं तम तापका क्षेत्र प्रमाण निरूपण करत संता आचार्य श्रवण माह मासादिकनिकैं दक्षिणायन उत्तरायणकौं निरूपै है—

सावणमाघे सव्वब्भन्तरबाहिरपहट्ठिदो होदि ॥
सूरट्ठयमासस्स य तावतमा सव्वपरिहीसु ॥ ३८१ ॥
श्रावणमाघे सर्वाभ्यंतर बाह्यपथस्थितो भवति ॥
सूर्यस्थितमासस्य च तापतमसी सर्वपरिधिषु ॥ ३८१ ॥

अर्थः-श्रावण मासविषैंतौ सूर्य अभ्यन्तर मार्ग विषैं तिष्ठै है। माघमास विषैं सूर्य सर्व तैं बाह्यमार्गविषैं तिष्ठै है। तिस सूर्य तिष्ठनेकौं जु मास तिन विषैं ताप अर तमके वर्तनेका प्रमाण सर्व परिधिनिविषैं ल्यावनां। तहां छह महिनाके एकसौतियासी दिन होय तौ श्रावण आदि एक आदिक महिनाके केते दिन होइ। ऐसें कीए श्रावण भएं साढातीस, भादवा भए एकसठि असोज भएं साढा इक्याणवै कार्तिक भए एक सौ बाईस मार्गशीर्ष भए एकसौ साढाबावन पौष भए एकसौ तियासी दिन हो हैं सो एतौ दक्षिणायनके दिन है। बहुरि माघ भए इकसठि चैत्र भएं साढाइक्याणवें, वैशाख भएं एकसौ बाईस ज्येष्ठ भएं एकसौ साढाबावन, आषाढ भएं एक सौ तियासी ए उत्तरायणके दिन हैं ॥ ३८१ ॥

आगैं सर्व परिधिनि विषैं तापतमके प्रमाणल्यावनैंका विधान कहै हैं—

गिरिअब्भतरमज्झिमबाहिरजलछट्ठभागपरिहिं तु ॥
सट्ठिहिदेसूरट्ठियमुहुत्तगुणिदे दु तावतमा ॥ ३८२ ॥
गिर्यभ्यंतरमध्यमबाह्यजलषष्ठभागपरिधि तु ।
षष्ठिहिते सूर्यस्थितमुहूर्तगुणिते तु तापतमसी ॥ ३८२ ॥

अर्थः-मेरुगिर अर अभ्यंतर वीथी अर जल विषैं लवण समुद्राका व्यासका छट्ठा भाग परैं जो जो परिधिका प्रमाण होइ ताकौं साठिका भाग दीजिए अर सूर्य जिस मास विषैं तिष्ठैं तिस मास विषैं जो दिन रात्रिका मुहूर्तनिका प्रमाण तीहकरि गुणिए तब ए तब तीहमास विषैं जो दिन रात्रिका प्रमाण तीहकरि गुणिए तब तीह मास विषैं तापतमका विषयभूतक्षेत्रका प्रमाण आवै है ।

तहां मेरुगिरिका व्यास तौ दस हजार योजन है । बहुरि जंबूद्वीपका व्यास १००००० विषैं दीपका चार क्षेत्र १८० कौं दोऊ पार्श्वनिका ग्रहणके अर्थि दूणांकरि ३६० घटाइए तब अभ्यंतर वीथीका सूची व्यास निन्याणवै हजार छसै चालीस योजन हो है ९९६४० बहुरि चार क्षेत्रका प्रमाण ५१० कौं आधाकरि २५५ यामें द्वीपसंबंधी चार क्षेत्र १८० घटाइ अवशेष ७५ कौं दोऊ पार्श्वनिका ग्रहणके अर्थि दूणा १५० करि जंबूद्वीपका व्यास १००००० विषैं मिलाएं एक लाख एकसौ पचास योजन प्रमाण मध्यम वीथीका सूची व्यास हो है ।

एक ही वार चंद्रमा अर नक्षत्र साथि गमनका प्रारंभ किया तहां एक मुहूर्तविषैं चंद्रमा तौ सतरहसै अडसठि गगनखण्डनिप्रति गमन किया अर नक्षत्र अठारहसै पैंतीस गगन खण्डनि प्रति गमन किया। तहां चंद्रमा नक्षत्रैं सतसठि गगनखण्ड पीछै रह्या। तहां अभिजित नक्षत्र अर चंद्रमा दोऊ साथि गमनका प्रारंभकरि एक मुहूर्तविषै अभित-तैं चंद्रमा सदसठि गगनखण्ड पीछैं रह्या बहुरि दूसरा मुहूर्तविषैं और सतसठि गगनखण्ड पीछैं रह्या। ऐसैं पीछैं रहता रहता जितनें कालकरि छसै तीस अभिजितके सर्व खण्डनिको छोडि पीछैं रहै तितनां काल

अभिजित नक्षत्र अर चंद्रमाका आसन्न मुहूर्त कहिए । सो अडसठि अधिक खण्डनिके पीछैं छोडनेंमैं एक एक मुहूर्त होइ तौ छसैं तीस अभिजित खण्डनिके पीछैं छोडनेमें केते मुहूर्त होइ । ऐसैं त्रैराशिककरि अधिक प्रमाण सतसठिका भाग अपनें छसै तीस खण्डनिकौं दिए लब्ध-राशि नव मुहूर्त सत्ताईसका सतसठिवां भाग मात्र अभिजित अर चंद्रमा-का आसन्न मुहूर्तका प्रमाण आया ।

इतनैं काल चंद्रमा अभिजित संबंधी गगनखण्डनिके निकटवर्ती रहै है । तातैं आसन्न मुहूर्त कहिए । बहुरि इस आसन्न मुहूर्त काल ही विषैं नक्षत्रभुक्ति कहिए । यावत्काल चंद्रमा अभिजित संबंधी गगनखण्डनिके समीपवर्ती रहै तावत्काल चंद्रमाकै अभिजित नक्षत्रका भोगवनां कहिए । बहुरि इसही कालविषैं योग कहिए यावत्काल चंद्रमा अर अभिजित संबंधी गगनखण्डनिका संयोग रहै तावत्काल चंद्रमा अर अभिजितका योग कहिए । बहुरि याही प्रकार अधिक प्रमाण सतस-ठिका भाग जघन्य मध्यम उत्कृष्ट नक्षत्रनिके क्रमतैं एक हजार पांच दोय हजार दस तीन हजार पंद्रह गगनखण्डनिकों दिएं जघन्य नक्षत्रनिका पंद्रह मुहूर्त मध्य नक्षत्रनिका तीस मुहूर्त उत्कृष्टनिका पैंतालीस मुहूर्त मात्र आसन्नमुहूर्त होहै ।

बहुरि तीस मुहूर्तका एक दिन होइ तौ पंद्रह आदि मुहूर्तनिका केता होइ ऐसैं कहि पंद्रहका अपवर्तन किएं जघन्य नक्षत्रनिका आधा दिन $\frac{1}{2}$ मध्यम नक्षत्रनिका एक दिन उत्कृष्ट नक्षत्रनिका ड्योढ दिन $\frac{3}{2}$ प्रमाण चंद्रमाको नक्षत्रभुक्ति काल हो है । बहुरि याही प्रकार अधिक प्रमाण पांचका भाग अपनें अपनें नक्षत्र संबंधी गगनखण्डनिकों दिएं दिनादिक किएं सूर्यकै अभिजितका च्यारि दिन छह मुहूर्त जघन्य नक्षत्र का छह दिन इकईस मुहूर्त मध्यम नक्षत्रका तेरह दिन बारह मुहूर्त उत्कृष्ट नक्षत्रका बीस दिन तीन मुहूर्त प्रमाण नक्षत्रभुक्तिका काल जाननां ॥ ४०४ ॥

आगैं राहुका गगनखण्ड कहिकरि ताकै नक्षत्रभुक्ति कहै हैं—

रविखण्डादो बारसभागूणं वज्जदे जदो राहू ॥
तम्हा तत्तो रक्खा बारहिहिदिगिसट्ठिखण्डहियो ॥ ४०५॥
रविखण्डतः द्वादशभागोनं व्रजति यतो राहुः ॥
तस्मात्ततः ऋक्षाणि द्वादशहितैकषष्टिखण्डाधिकानि ॥४०५

अर्थः— जातैं सूर्यकै खण्डनितै एकका बारहवां भाग घांटि राहु गमन करे है। सूर्यका अठारहसे तीस गगनखण्डनविषै एकका बारहवां भाग घटाएं अठारहसै गुणतीस गगनखण्ड अर ग्यारहका बारहवां भाग मात्र राहुकैं एक मुहूर्त विषैं गमन करनेका प्रमाण हो है। इनतैं इकसठिका बारहवां भाग अधिक नक्षत्रनिकैं गमन करनेका प्रमाण हो है। कैसैं इतनां अधिक होहै ? राहुका गगनखण्ड $१८२९\frac{११}{१२}$ नक्षत्रका गगनखण्ड १८३५ मैंस्यौं घटाएं ग्यारहका बारहवां भाग घटाएं इकसठिका बारहवां भाग अधिकका प्रमाण हो है। बहुरि "अहियहिदरिक्खखंडे" इस सूत्रके न्यायकरि अधिकका भाग अपनें अपनें नक्षत्रखण्डनिकौं दीएं राहूके नक्षत्र भुक्तिका काल आवै है।

तहां इकसठिका बारहवां भाग छोडनैंविषैं एक मुहूर्त होइ तौ छसै तीस अभिजित खण्डनिके छोडनेंविषैं केते मुहूर्त होइ ऐसैं छसै तीसकौं इकसठिका बारहवां भागका भाग देनां तहां भागहारका भागहार बारह ताकौं छसै तीसका गुणकारकरि ताकौं इकसठिका भाग दैनां $\frac{६३०\ ।\ १२}{६१}$ बहुरि इनकौं तीस सहित छहकरि अपवर्तन करनां $\frac{१२६\ ।\ २}{६१}$ याकौं अपनें गुणकार करि गुणें $\frac{२५२}{६१}$ भागहारका भाग दिएं च्यारि

दिन अर आठका इकसठिवां भाग प्रमाण राहूके अभिजित् नक्षत्रका भुक्तिका काल है।

या ही प्रकार राहूके जघन्य नक्षत्रका छह दिन अर छत्तीसका इकसठिवां भाग मध्य नक्षत्रका तेरह दिन अर ग्यारहका इकसठिवां भाग उत्कृष्ट नक्षत्रका उगणीस दिन अर सैंतालीसका इकसठिवां भाग प्रमाण भुक्तिकाल जाननां ॥ ४०५ ॥

आगैं अन्य प्रकारकरि राहुके नक्षत्र भुक्तिकौं कहै हैं।—

णक्खत्त सूरजोगज मुहुत्तरासिं दुवेहि संगुणिय ॥
एकट्ठिहिदे दिवसा हवंति णक्खत्तराहुजोगस्स ॥ ४०६ ॥
नक्षत्र सूरयोगज मुहूर्तराशिं द्वाभ्यां संगुण्य ॥
एकषष्ठिहिते दिवसा भवंति नक्षत्रराहुयोगस्य ॥ ४०६ ॥

अर्थः—नक्षत्र अर सूर्यका योग करि उपज्या जो मुहूर्तनिका प्रमाणरूप राशि ताकौं दोय करि गुणि इकसठिका भाग दीएं जो प्रमाण आवै तितनैं नक्षत्र अर राहूके योगविषैं दिननिका प्रमाण जाननां। तहां सूर्यकै अभिजित नक्षत्रका भुक्तिकाल च्यारि दिन छह मुहूर्त है। दिननिकौं तीस गुणांकरि मुहूर्त किएं सर्व एकसौ छब्बीस मुहूर्त भए। इनकौं दोय करि गुणें दोयसै बावन भए। इनकौं इकसठिका भाग दिएं च्यारि अर आठका इकसठिवां भाग आया। सोई राहुकै अभिजित नक्षत्रका भुक्तिकाल च्यारि दिन अर आठका इकसठीवां भाग प्रमाण है। ऐसैंही अन्य नक्षत्रनिका भी विधान करनां ॥ ४०६ ।

आगै एक अयनविषैं नक्षत्र भुक्ति सहित वा रहित जे दिन तिनकौं कहैं हैं—

अभिजादि तिसीदिसयं उत्तरअयणस्स होंति दिवसाणि ॥
अधिकदिणाणि तिणि य गददिवसा होंति इगि अयणे ॥४०७॥

अभिजिदादित्र्यशीतिशतं उत्तरायणस्य भवंति दिवसानि ॥
अधिकदिनानां त्रीणि च गतदिवसानि भवंति एकस्मिन् अयने ॥

अर्थः—अभिजितकों आदि दे करि पुष्य पर्यंत जे जघन्य मध्य उत्कृष्ट नक्षत्र तिनके एकसौ तियासी दिन उत्तरायणके हो हैं। बहुरि इनतें अधिक दिन तीन एक अयनविषें गत दिवस हो हैं। ४०७।

आगें अधिक दिननिकी उत्पत्ति कौं कहैं हैं—

एक्कपहल्लंघणंपडि जदि दिवसिगिसट्ठिभागमुवलद्धं ॥
किं तेसीदिसदस्सिदि गुणिदि ते होंति अहियदिणा ।४०८।
एकपथलंघनंप्रति यदि दिवसैकषष्ठिभागं उपलब्धं ॥
किं त्र्यशीतिशतस्येति गुणिते ते भवंति अधिक दिनानि ।४०८।

अर्थः—वीथीरूप एक सूर्यका मार्ग ताका उलंघनप्रति जो एक दिनका इकसठिवां भाग पावै तौ एकसौ तियासि मार्गनिका उलंघनप्रति केते दिवस पावै ऐसैं त्रैराशिक करि तहं इकसठि करि अपवर्तन करि गुणें अधिक दिन तीन होहे। बहुरि एक अयनविषें एकसौ तियासी दिन कैसें हैं सो कहिए हैं।

एक मुहूर्त विषैं गमन योग्य सूर्यके अठारहसै तीस खण्ड अर नक्षत्रके अठारहसै पैंतीस खण्ड तातैं सूर्यके नक्षत्रतै पांच खण्ड छोडनैं विषैं एक मुहूर्त होइ तौ अभिजित नक्षत्रके छसै तीस खण्ड छोडनै विषैं केते मुहूर्त होइ ऐसैं मुहूर्त करि $\frac{६३०}{५}$ ताकौं तीसका भाग देइ दिन करने $\frac{६३०}{५३०}$ बहुरि भाज्य भाजककौं तीस करि अपवर्तन किएं इकईस दिनका पांचवां भाग प्रमाण अभिजितका भुक्तिकाल आया। ऐसैं ही जघन्य मध्य उत्कृष्ट नक्षत्र श्रवण आदि पुनर्वसु पर्यंत तिनके त्रैराशिक

विधिकरि मुहूर्त वा दिनकरि क्रमतैं पंद्रह तीस पंद्रहकरि अपवर्तनकरि जो जो पावै सो सो तिस तिस नक्षत्रविषैं स्थापन करनां ॥ ४०८ ॥

आगै पुष्यविषैं विशेष हैं ताके प्रतिपादनकै अर्थि कहैं हैं ।—

सतिपंचमचउदिवसे पुस्से गमियुत्तरायणसमत्ती ॥
सेसे दक्खिणआदी सावणपडिवदि रविस्स पढमपहे ॥ ४०९ ॥
सत्रिपंचमचतुर्दिवसान् पुष्ये गत्वा उत्तरायणसमाप्तिः ॥
शेषान् दक्षिणादिः श्रावणप्रतिपदि रवेः प्रथमपथे ॥ ४०९ ॥

अर्थः—तीन दिनका पंचवा भाग सहित च्यारि दिन पुष्य नक्षत्रका भुक्तिकालविषैं जाइकरि उत्तरायणकी समाप्तता हो है । ऐसैं करि पूर्वोक्त प्रकार पुष्य नक्षत्र भुक्तिका कालकौं सडसठि दिनका पांचवां प्रमाण ल्याइ तामें तीनका पांचवां भाग सहित च्यारि दिनका समछेद किएं तेईस दिनका पांचवां भाग भया सो ग्रहिकरि उत्तरायणकी समाप्तताविषैं देनां अवशेष चवालीस दिनका पांचवां भाग रह्या तामें कोष्ठ पूरण करनेकै अर्थि तितना ही तेईस दिनका पांचवां भाग ग्रहि करि दक्षिणायनका प्रथम कोष्ठविषैं दिए यहु ही श्रावण मासविषैं पडिवाके दिन सूर्यका प्रथम मार्गविषैं दक्षिणायनका आदि हो है । अवशेष इकईस दिनका पांचवां भाग द्वितीय कोष्ठ विखैं देनां । बहुरि ऐसैंही पूर्वोक्त प्रकार आश्लेषा आदि उत्तराषाढा पर्यंत नक्षत्रनिकी सूर्यके भुक्तिका काल ल्याइ तिहतिह नक्षत्रविषैं स्थापन करनां ।

भावार्थः—सूर्यका उत्तरायणविषैं प्रथम अभिजित नक्षत्रकी भुक्ति हो है ताका काल पूर्वोक्त प्रकार किएं इकईस दिनका पांचवां भाग प्रमाण है । पीछे क्रमतैं श्रवण १ धनिष्ठा शतभिखा १ पूर्वाभाद्रपदा १ रेवती १ अश्विनी १ भरणी १ कृत्तिका १ रोहिणी १ मृगशीर्षा १ आर्द्रा १ पुनर्वसु १ इनकी भुक्ति हो है । तहां शतभिषा १ भरणी १ आर्द्रा १ ए तीन जघन्य नक्षत्र हैं तिनका तौ एक एकका भुक्तिकाल

सडसठि दिनका दशवां भाग प्रमाण है। बहुरि श्रवण १ धनिष्ठा १ पूर्वाभाद्रपदा १ रेवती १ अश्विनी १ कृत्तिका मृगशीर्षा ए सात मध्य नक्षत्र हैं सो इनका एक एकका भुक्तिकाल सतसठि दिनका पांचवां भाग प्रमाण है।

बहुरि उत्तराभाद्रपदा रोहिणी पुनर्वसु ए तीन उत्कृष्ट नक्षत्र हैं सो इनका एक एकका भुक्तिका दोयसै एक दिनका दशवां भाग प्रमाण है बहुरि पीछै पुष्य नक्षत्रका भुक्तिकाल सडसठि दिनका पांचवां भाग प्रमाण तामें तेईस दिनका पांचवां भाग मात्र काल पर्यंत पुष्य नक्षत्रकी भुक्ति इस अयनविषैं हो है। ऐसैं सर्व कालकों समच्छेद करि होहैं सूर्यके उत्तरायणविषैं एकसौ तियासी दिन हो है। बहुरि दक्षिणायनका प्रारंभ श्रावण कृष्णकी पडिवाके दिन हो है। तहां प्रथम पुष्य नक्षत्र भोगिए हैं। पुष्य नक्षत्रका भुक्तिकाल सडसठि दिनका पांचवा भागविषैं तेईस दिनका पांचवां भाग तौ उत्तरायणविषैं भए थे अवशेष चौवालीस दिनका पांचवा भाग इस अयनकी आदिविषैं भोगिए हैं। तहां उत्तरा-यण समान कोठे पूर्ण करनैंकौ प्रथम कोष्ठविषैं तौ तेईसका पांचवां भाग देना। दूसरा कोष्ठविषैं अभिजितकी जायगा। इकईसका पांचवां भाग देना।

ऐसैं प्रथम पुष्य नक्षत्रका भुक्तिकाल भएं पीछे क्रमतैं आश्लेषा १ मघा १ पूर्वा १ फाल्गुनी १ उत्तरा फाल्गुनी १ हस्त १ चित्रा १ स्वाति १ विशाखा १ अनुराधा १ ज्येष्ठा १ मूल १ पूर्वाषाढा १ उत्तराषाढा इन नक्षत्रनिकौं भोगवै है। तहां आश्लेषा १ स्वाति १ ज्येष्ठा १ ये तीन जघन्य नक्षत्र हैं सो इनका तौ एक एक एकका भुक्तिकाल सतसठि दिनका दशवां भाग प्रमाण है। बहुरि मघा, पूर्वा-फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढा ये सात मध्य नक्षत्र हैं। सो इन एक एकका भुक्तिकाल सतसठि दिनका पांचवां भाग

प्रमाण है। बहुरि उत्तरा फाल्गुनी, विशाखा, उत्तराषाढा ये तीन उत्कृष्ट नक्षत्र हैं। सो इन सर्व भुक्तिकालनिकौं जोड़ै सूर्यके दक्षिणायनविषैं एकसौ तियासी दिन होहैं।

बहुरि अब चंद्रमाका कहिए हैं। पूर्वोक्त प्रकार चंद्रमाका भुक्ति-काल इकईस दिनका सतसठिवां भाग प्रमाण ल्याई तिस चंद्रमाहीकै जघन्य मध्य उत्कृष्ट नक्षत्रनिका भुक्तिकालविषैं श्रवण आदि पुनर्वसु पर्यंत नक्षत्रनिकी पूर्वोक्त प्रकार भुक्तिल्याइ तिहविषैं सर्वत्र सदसठिकौं भाजक करि भाज्यका अपवर्तन करि बहुरि भाजक तीस अर भाज्यका जघन्य उत्कृष्ट नक्षत्रनिका पंद्रहकरि अपवर्तनकरि अर मध्यमनिकै तीसकै अप-वर्तनकरि जो जो पावै सो सो तिस तिस नक्षत्रविषैं स्थापन करनां। बहुरि पुष्यविषैं सूर्यके भुक्ति सतसठि दिनका पांचवां भाग मात्रविषैं चंद्रमाके भुक्ति एक दिन प्रमाण होइ तौ पुष्यविषैं सूर्यकै तेईस दिनका पांचवां भागविषैं चंद्रमाकै केती होइ ऐसैं त्रैराशिक करि आई जो तेईसका सतसठिवां भाग भाग प्रमाण भुक्ति सो उत्तरायणकी समाप्तताविषैं दैनी ऐसेही दक्षिणायनविषैं विधान करना।

भावार्थ—चंद्रमाकै उत्तरायणविषैं पहले अभिजितकी भुक्ति होहैं। ताका काल इकईस दिनका सतसठिवां भाग मात्र है। पीछै श्रवण आदि पुनर्वसु पर्यंत नक्षत्र क्रमतैं भोगिए हैं। तहां तीन जघन्य नक्षत्र-निविषैं एक एकका भुक्तिकाल अर्ध दिन है सात मध्य नक्षत्रनिविषैं एक एकका भुक्तिकाल एक दिन है। तीन उत्कृष्ट नक्षत्रनिविषैं एक एकका भुक्तिकाल ड्योढ दिन है। बहुरि तहां पीछैं पुष्य नक्षत्रका भुक्तिकाल एक दिनविषैं तेईस दिनका सतसठिवां भाग कालप्रमाण पुष्य नक्षत्र भोगिए हैं। ऐसैं सर्वकाल जोड़ैं चंद्रमाका उत्तरायणविषैं तेरह दिन अर चवालीसके सड़सठिवां भाग मात्र काल होहै।

बहुरि दक्षिणायनविषैं पहलें पुष्य नक्षत्र भोगिएं हैं तहां पुष्य

नक्षत्रका भुक्तिकाल एक दिन विषैं तेईस दिनका सतसठिवां भाग मात्र काल उत्तरायणविषैं गया अब शेष चवालीसका सड़सठिवां भाग प्रमाण काल इहां भोगिए हैं । बहुरि आश्लेषा आदि उत्तराषाढा पर्यंत नक्षत्र क्रमतैं भोगिए हैं । तहां तीन जघन्य नक्षत्र सात मध्य नक्षत्र तीन उत्कृष्ट नक्षत्रनिका भुक्तिकाल क्रमतैं एक एकका आधा दिन एक दिन ड्योढ दिन जाननां । सर्वकाल मिलाएं चंद्रमाका दक्षिणायन विषै तेरह दिन अर चवालीसका सड़सठिवां भाग प्रमाण काल हो है ।

अब राहुका कहिए हैं राहुकै अभिजित आदि पुनर्वसु पर्यंत नक्षत्रनिकी भुक्तित्याई तिस तिस नक्षत्रविखैं स्थापना करनां । बहुरि पुष्यविषै सूर्यके सतसठि दिनका पांचवां भाग प्रमाण भुक्ति होतैं राहुकै आठसैं च्यारिसैका इकसठिवां भाग प्रमाण भुक्ति होइ तौ सूर्यके तेईस दिनका पांचवां भाग प्रमाण भुक्ति होतै राहुकै केती भुक्ति होइ ऐसैं-त्याइ अपवर्तन करै दोयसै छिहंत्तरि दिनका इकसठिवां भाग प्रमाण भुक्ति उत्तरायणकी समाप्तिविषैं पुष्यकी स्थापना करनी बहुरि पूर्ववत् दक्षिणायन विषै विधान करनां ।

भावार्थ— राहुकै उत्तरायणविषै प्रथम अभिजितकी भुक्ति हो है ताका काल दोयसै बावन दिनका इकसठिवां भाग मात्र है पीछे श्रवणादि पुनर्वसु पर्यंत नक्षत्रनिकी भुक्ति क्रमतैं होहै । तिनविषै तीन जघन्य सात मध्य तीन उत्कृष्ट नक्षत्रनिका भुक्तिकाल क्रमतैं च्यारिसै दोयका इकसठिवां भाग बारहसै छैका इकसठिवां भाग प्रमाण होहै । पीछै पुष्यकी भुक्ति होहै ताका काल आठसैच्यारि दिनका इकसठिवां भागविषै दोयसै छिहंतरि दिनका इकसठिवां भाग मात्र पुष्यकी भुक्तिका काल होहै । ऐसैं सर्वकाल मिलि राहूकै उत्तरायणविषैं एकसौ असी दिन होहैं ।

बहुरि राहू दक्षिणायनविषै प्रथम पुष्यका भुक्तिकालविषैं अवशेष पांचसै अठाईस दिनका इकसठिवां भाग प्रमाण काल पर्यंत तौ पुष्यकी भुक्ति होहै। पीछे आश्लेषादि उत्तराषाढ पर्यंत नक्षत्रनिकी भुक्ति क्रमतैं होहै। तहां तीन जघन्य सात मध्य तीन उत्कृष्ट नक्षत्रनिका भुक्तिकाल क्रमतैं च्यारिसै दोयका इकसठिवां भाग आठसै च्यारिका इकसठिवां भाग बारहसै छैका इकसठिवां भाग मात्र है। ऐसैं सर्वकाल मिलि राहुकै दक्षिणायनविर्षं एकसौ असी दिन होहै। याप्रकार नक्षत्र भुक्तिकौं समच्छेद करि जोडैं चंद्रमाके अयनके दिन तेरह अर चवालीसका सतसठिवां भाग होहै। बहुरि दोऊ अयन मिलाएं वर्षके दिन सत्ताईस इकतीसका ईकसठिवां भाग होहै। बहूरि सूर्यकै अयन दिन एकसौ तियासी वर्ष दिन तीनसै छयासठि होहै। बहुरि राहुकै अयनदिन एकसौ असी वर्ष दिन तीनसैं साठि होहैं॥ ४०९॥

आगैं अधिक मासका प्रतिपादनकै अर्थि सूत्र कहैं हैं—

इगिमासे दिणवड्ढि वस्से बारह दुवस्सगेसदले॥
अहिओ मासो पंचयवासप्पजुगे दुमासहिया॥ ४१०॥
एकस्मिन् मासे दिनवृद्धि वर्षे द्वादश द्विवर्षके सदले॥
अधिको मासः पंचवर्षात्मकयुगे द्विमासौ अधिकौ॥४१०॥

अर्थः— एक मासविषैं एक दिनकी वृद्धि होइ अढाई वर्षविषैं एक मास अधिक होइ। पंच वर्षका समुदाय सोई हैं स्वरूप जाका ऐसा युग तिहविषैं बारह दिन बधै तौ अढाई वर्षविषैं कितने दिन बधै ऐसैं किएं लब्धराशि तीस दिन होइ। ऐसैं ही युगविषैं भी त्रैराशिक करनां।

भावार्थः——एक वर्षके बारह मास एक मासके तीस दिन तहां इकसठिवैं दिन एक तिथि घटे तातैं वर्षके तीनसैं चौवन दिन होइ। अर सूर्यके तीनसै छासठि दिन है। सो बारह दिन एक वर्षविषैं

व्यतीत भए सो अढाई वर्ष व्यतीत भएं एक अधिक मास होइ तब तेरह मासका वर्ष होइ। बहुरि ऐसें ही अढाई वर्ष और भए एक मास अधिक होइ। या प्रकार पांच वर्ष प्रमाण जो युग तिहविषैं दोय अधिक मास होइ॥ ४१०॥

अब पूर्व गाथाका जु अर्थ ताहीकों आठ गाथानिकरि वर्णन करैं हैं।--

आसाढपुण्णमीए जुगणिप्पत्ती दु सावणे किण्हे॥
अभिजिम्हि चंदजोगे पाडिवदिवसम्हि पारंभो॥ ४११॥
आषाढपूर्णिमायां युगनिष्पत्तिः तु श्रावणे कृष्णपक्षे॥
अभिजिति चंद्रयोगे प्रतिपद्दिवसे प्रारंभो॥४११॥

अर्थः--आषाढ मासविषैं पून्यौंके दिन उपरान्त समय उत्तरायण-की समाप्तता होतैं पंच वर्ष स्वरूप युगकी निष्पत्ति कहिए संपूर्णता सो हो है। बहुरि श्रावण मास कृष्ण पक्षविषैं अभिजित नक्षत्र अर चंद्रमा-का योग होतैं पडिवाके दिन दक्षिणायनका प्रारंभ हो है।

भावार्थ--आषाढ सुदि पून्यौं अपराण्हविषैं तौ पूर्व युगकी समाप्तता भइ। बहुरि श्रावण वदि एकै दिन जहां चंद्रमाके अभिजित नक्षत्र-का भुक्तिकाल होइ तहां सूर्यका दक्षिणायनका आरंभ हो है। सोई नवीन पांच वर्ष स्वरूप जो युग ताका प्रारंभ जानना॥ ४११॥

आगैं किस वीथीविषैं किस अयनका प्रारंभ हो है सो कहैं हैं--

पढमंतिमवीहीदो दक्खिणउत्तरदिगयणपारंभो॥
आउट्टी एगादीदुगुत्तरा दक्खिणाउट्टी॥ ४१२॥
प्रथमांतिमवीथीतः दक्षिणोत्तरदिगयनप्रारंभः॥
आवृत्तिः एकादिद्विकोत्तरा दक्षिणावृत्तिः॥ ४१२॥

सोई उत्तरायणविषैं प्रथम आवृत्ति है। बहुरि दूसरी आवृत्ति शतभिषक नक्षत्रका योग होतैं शुक्ल पक्षकी चौथी तिथिविषैं हो है ॥ ४१६ ॥

बहुरि तीसरी आदि आवृत्ति कैसें सो कहैं हैं।—

पडवदि किण्हे पुस्से चोत्थीमूले य किण्हतेरसिए ॥
कित्तिय रिक्खे सुक्के दसमीए पंचमी होदि ॥ ४१७ ॥
प्रतिपदि कृष्णे पुष्ये चतुर्थी मुले च कृष्णत्रयोदश्याम् ॥
कृत्तिका ऋक्षे शुक्ले दशम्यां पंचमी भवति ॥४१७॥

अर्थ—कृष्ण पक्षकी पडिवातिथिविषैं पुष्य नक्षत्रका योग होतैं तीसरी आवृत्ति होहै। बहुरि चौथी आवृत्ति कृष्ण पक्षकी त्रयोदशी तिथित्रिषैं मूल नक्षत्रका योग होतैं हो है। बहुरि शुक्ल पक्षकी दशमी तिथिविषैं कृत्तिका नक्षत्रका योग होतैं पांचवी आवृत्ति हो है ॥४१७॥

कह्या अर्थको जोडै हैं—

ताओ उत्तरअयणे पंचसु वासेसु माघमासेसु ॥
आउट्टीओ भणिदा सूरस्सिह पुव्वसूरीहिं ॥ ४१८ ॥
ताः उत्तरायणे पंचसु वर्षेषु माघमासेषु ॥
आवृत्तयः भणिताः सूर्यस्येह पूर्वसूरिभिः ॥ ४१८ ॥

अर्थ— ते ए आवृत्ति उत्तरायणविषैं पांच वर्षनिविषैं जे पांच माघमास होहि तिनविषैं पूर्व आचार्यनिकरि सूर्यकी कही हैं। अब कही जु गाथा तिनका रचनाका उद्धार करनेका विधान कहिए हैं। पांच वर्षका समुदाय सो युग है। जातैं युगके आरंभतैं पांच वर्ष व्यतीत भए तिथि आदि रचना जैसैं पहिले युगविषैं थी तैसैं ही है। सो युगविषैं दक्षिणायनका प्रारंभ तौ पांच श्रावण मासनिविषैं होई अर उत्तरायणका प्रारंभ पांच माघमासनिविषैं होइ। बहुरि बीचिविषैं दक्षिणायनविषैं फाल्गुन आदि मास होहैं।

तहां एक एक मासकी इकतीस तिथि स्थापन करनी। काहेतें? एक मासकी तीस तिथि होहै। अर–" इगिमासं दिणवड्ढी " इस सूत्र करि एक मासविषैं एक दिन बधै तातैं इकतीस तिथि स्थापन करना। इहां पंद्रह पंद्रह दिनका पक्ष ग्रहण किया तातें एक मासके तीस दिनही ग्रहण किए। बहुरि जो तिथि घटै है तिहकी विवक्षा किए पक्षविषैं भी घटती दिन कहना होइ मासविषैं भी कहना होइ तातैं भावार्थ:– एक जानि तीस दिनही मासके ग्रहण कीए। तहां युगविषैं दक्षिणायनविषैं प्रथम श्रावण मासविषैं कृष्ण पक्षके पंद्रह शुक्लके पंद्रह कृष्णका एक दूसरेविषैं कृष्णके तीन शुक्लके पंद्रह कृष्णके तेरह, तीसरेविषैं शुक्लके छह कृष्णके पंद्रह शुक्लके दश, चौथेविषैं कृष्णके नव शुक्लके पंद्रह कृष्णके सात, पांचवांविषैं शुक्लके बारह कृष्णके पंद्रह शुक्लके च्यारि दिन हो है।

बहुरि उत्तरायणविषैं प्रथम माघविषैं कृष्ण पक्षके सात, दूसरेविषैं शुक्लके बारह कृष्णके पंद्रह कृष्णके एक चौथेविषैं कृष्णके तीन शुक्लके पंद्रह कृष्णके तेरह, पांचवां माघविषैं शुक्लके छह कृष्णके पंद्रह शुक्लके दश दिन होहै। बहुरि दक्षिणायनविषैं बीचि जे भाद्रपदादिक मास अर उत्तरायणविषैं बीचि फाल्गुन आदि मास तिनविषैं आदिविषैं एक एक घटता अर अंतविषैं एक एक बधता दिन स्थापन करिए ऐसैं एक एक मासविषै इकतीस तिथी स्थापन किए तीह मासविषैं वा तीह तीह अयन-विषै अधिक दिन आवैं हैं।

भावार्थ:—प्रथम श्रावणविषै वदि एकैतै लगाय पंद्रह तिथी कृष्ण पक्षकी अर पंद्रह शुक्ल पक्षकी अर एक भाद्रपदका कृष्णकी मिली एकतीस तिथि होई। बहुरि भाद्रपदविषैं पंद्रह तिथि कही थी तामें एक घटाएं दोय अश्विनके कृष्ण पक्षकी मिलाएं इकतीस तिथि हो है। बहुरि अश्विनीविषैं आदिमें एक घटाएं तेरह कृष्ण

पक्षकी पंद्रह शुक्ल पक्षकी अंतविषैं एक बधाएं तीन कार्तिकके कृष्ण पक्षकी मिलाएं इकतीस तिथी हो हैं। ऐसें ही कार्तिकविषैं बारह कृष्णकी पंद्रह शुक्लकी च्यारि कृष्णकी मार्गशीर्षविषैं ग्यारह कृष्णकी पंद्रह शुक्लकी पांच कृष्णकी पौषविषैं दश कृष्णकी पंद्रह शुक्लकी छह कृष्णकी तिथि मिलैं इकतीस तिथि होई।

बहुरि उत्तरायणविषैं माघवदी सातैं तैं नव कृष्णकी इत्यादि रचना किएं बहुरि दक्षिणायनविषैं द्वितीय श्रावणमास विषैं श्रावण वदी त्रयोदशीतैं लगाय तीन कृष्णकी पंद्रह शुक्लकी तेरह कृष्णकी तिथि हो हैं। बहुरि भाद्रपदादिकविषैं रचना करानी। ऐसें रचना किएं मासविषैं अयनविषैं अधिक दिन आवै है। इस क्रमकरि पंचवर्षात्मक युगविषैं दोय अधिक मास हो हैं। ॥ ४१८ ॥

आगैं दक्षिणायन और उत्तरायणके प्रारंभ विषैं नक्षत्र ल्यावनैंका विधान कहैं हैं।—

> रूऊणाउट्टिगुणं इगिसीदिसदं तु सहिद इगिवीसं ॥
> तिघणहिदे अवसेसा अस्सिणि पहुदीणि रिक्खाणि।४१९।
> रूपोनावृत्तिगुणं एकाशीतिशतं तु सहितं एकविंशत्या ॥
> त्रिघनहृते अवशेषाणि आश्विनी प्रभृतीनि ऋक्षाणि।४१९।

अर्थः—रूपोनावृत्ति कहिए जेथवीं आवृत्ति होइ तामैं एक घटाएं जो प्रमाण होइ तिहकरि गुण्या हुवा एकसौ इक्यासी तामैं इकईस जोडिए अर ताकौं तीनका घन जो सत्ताईस ताका भाग दिएं जेता अवशेष रहै तेथवां नक्षत्र अश्विनी आदितैं जाननां। उदाहरण—जैसे विवक्षित आवृत्ति प्रथम तामैं एक घटाए शून्य अवशेष रहै तीहकरि एकसौ इक्यासीकौं गुणिए सो शून्य करि गुण्या हुवा अंक शून्य ही होइ तातैं गुणें भी शून्य ही पाया। तीह बिंदिविषैं इकईस जोडैं इकईस ही भए।

बहुरि इहां सत्ताईस तैं अधिक होता तौ सत्ताईसका भाग देते तातैं इकईस ही रहे सो अश्विनी भरणी कृत्तिका आदि अनुक्रमतैं गिणैं अश्विनी तैं लगाय जो ईकईसवां नक्षत्र होइ सोई प्रथम आवृत्तिविषैं नक्षत्र होइ सो अश्विनीतैं लगाय ईकईसवां नक्षत्र उत्तराषाढा है। परंतु इहां अभिजितका ग्रहण करना। काहेतै सो कहिए हैं। यद्यपि नक्षत्र अठ्ठाइस है। तथापि जहां नक्षत्रनि-की गणनादिक करिए हैं तहां सत्ताईस नक्षत्रनिहीका ग्रहण कीजिए हैं। अभिजित नक्षत्रका ग्रहण न कीजिए हैं जातैं याका साधन सूक्ष्म है तातैं इहां प्रथम आवृत्तिविषै स्थूलपनै साधन किएं उत्तराषाढ आवै परंतु सूक्ष्मपनैं साधन किए अभिजित नक्षत्र जाननां। आगैंभी अश्विनी आदिकतैं वा कार्तिक आदिकतैं नक्षत्र गणनाविषैं अभिजित नक्षत्रका ग्रहण करना नाहीं।

या प्रकार दक्षिणायनका प्रारंभविषैं प्रथम श्रावण मासविषैं नक्षत्र ल्यावनैका विधान कह्या। अब दूसरा उदाहरण कहिए हैं। विवक्षित दूसरी आवृत्ति तामैं एक घटाएं एक रह्या तीह करि एकसौ इक्यासीकौं गुणें एकसौ इक्यासीही हुवा इनमें इकईस मिलाए दोयसैं दोय भए इन-कौं सत्ताईसका भाग दिए अवशेष तेरह रहे सो अश्विनी नक्षत्रतैं तेरह्वां नक्षत्र हस्त सो उत्तरायणका प्रारंभविषैं प्रथम माघ मासविषैं हस्त नक्षत्र पाईए हैं। ऐसेही तीसरी पांचवी सातवी नवमीं आवृत्तिविषैं दक्षिणाय-नका प्रारंभ श्रावण मासविषैं होहै। तहां अर चौथी छठी आठवीं दशवीं आवृत्तिविषैं उत्तरायणका प्रारंभ माघ मासविषैं होहैं। तहां नक्षत्र साधन करनां ॥ ४१९ ॥

आगैं दक्षिणायन उत्तरायणकै पर्व वा तिथि ल्यावनैंविषैं सूत्र कहे हैं —

वेगाउट्टिगुणं तेसीदिसदं सहिद तिगुणगुणरूवे ॥
पण्णरभजिदे पव्वा सेसा तिहिमाणमयणस्स ॥ ४२० ॥
व्येकावृत्तिगुणं त्र्यशीतिशतं सहितं त्रिगुणगुणरूपेण ॥
पंचदशभक्ते पर्वाणि शेषं तिथिमानं अयनस्य ॥ ४२० ॥

अर्थ —व्येका वृत्ति कहिए जेथवी विवक्षित आवृत्ति होइ तामें एक घटाएं जो प्रमाण रहै तिहकरि एक सौ तियासीकौं गुणिए, बहुरि जितनैं गुणकारक एकसौं तियासीकौं गुणकरि ताकौं तिगुणाकरि तामें जोडिएं। बहुरि एक और जोडिए जो प्रमाग होइ ताकौं पंद्रहका भाग दीजिए जो लब्ध प्रमाण आवै तितनैं तौ पर्व जाननें अवशेष रहै सो तिथि प्रमाण जाननां। दक्षिणायन वा उत्तरायणका ऐसैंही जाननां उदाहरण विवक्षित आवृत्ति प्रथम तामैं एक घटाएं बिंदीही तिहकरि एकसौं तियासी-कौं गुणों बिंदी करि गुणें बिंदीही होइ इस न्यायकरि बिंदीही आई।

बहुरि इहां गुणकार बिंदी ताकौं तिगुणां किएंभी बिंदीविषैं बिंदी जोडैं बिंदी ही भई। बहुरि तामैं एक जोडैं एक भया वाकौं पंद्रहका भाग लागै नहीं तातैं पर्वका तौ अभाव जाननां। अर अवशेष एक रह्या सो तिथिका प्रमाण जानना ऐसैं प्रथम आवृत्ति दक्षिणायनका प्रारंभविषैं प्रथम श्रावण मासविषैं पर्वका तौ अभाव आया पक्षकी पूर्णताभएं पूर्णमां वा अमावस्था जो होइ ताका नाम पर्व है। सो युगका आरंभ भएं पीछैं जेते पर्व व्यतीत होइ सोई इहां पर्वनिकी संख्या जाननी। सो प्रथम आवृत्तिविषै कोऊ भी पर्व व्यतीत भया तातैं पर्वका अभाव जाननां। अर तिथिका प्रमाण एकैं जाननां।

बहुरि दूसरा उदाहरण विवक्षित आवृत्ति दूसरी तामैं एक घटाएं एक रह्या तीहकरि एकसौ तियासीकौं गुणें एकसौ तियासी भए। बहुरि गुणकारका प्रमाण एक ताकौ तिगुणा किए तीनसौ मिलाय एकैसौ छियासी भये। बहुरि तामैं एक और जोडैं एकसौ सित्यासी भए।

बहुरि तामैं एक और जोड़े एकसौ सित्यासी भए। इनकौं पंद्रहका भाग दिएं बारह पाएं सो बारह तौ पर्वका प्रमाण भया। युगका प्रारंभतैं बारह पर्व व्यतीत भएं पीछैं दूसरी आवृत्ति हो है। अर अवशेष सात रहे सो सात तिथि जाननी। ऐसैं दूसरी आवृत्ति उत्तरायणका प्रारंभ होतैं प्रथम माघमासविषैं होई तहां युगके आरंभतैं बारह तौ पर्व व्यतीत भए जाननें अर सातैं तिथि जाननी। याही प्रकार अन्य आवृत्तिनिविषैं भी पर्व वा तिथीका प्रमाण ल्यावनां ॥ ४२० ॥

आगै दिन वा रात्रिका प्रमाण जिहिंकालविषैं समान होइ ताका नाम विषुप हैं तिह विषुपविषैं पर्व वा तिथि वा नक्षत्रनिकौं छह गाथा-निकरि युगके दश अयनिविषैं कहे हैं:—

छम्मासद्धगयाणं जोइसयाणं समाणदिणरत्ती ॥
तं इसुपं पढमं छसु पव्वसु तीदेसु तदिय रोहिणिए ॥४२०॥
षण्मासार्धगतानां ज्योतिष्काणां समानदिनरात्री ॥
तत् विषुवं प्रथमं षट्सु पर्वसु अतीतेषु तृतीया रोहिण्याम् ॥

अर्थ:—छह मासका अर्द्ध ज्योतिषीनिके भएं समान रात्रि हो है सोई विषुप है। भावार्थ:—एक अयन छह मासका हो है। तहां आधा अयन भएं दिन अर रात्रिका प्रमाण समान हो है। सो जिस कालविषैं दिन रात्रि होइ ताका नाम विषुप है। सौ पंच वर्ष प्रमाण युगविषैं दश विषुप हो हैं। पांच तौ दक्षिणायनका अर्द्धकालविषैं अर पांच उत्तरायणका अर्द्धकालविषैं हो है तहां पहला विषुप दक्षिणायनका अर्धकालविषैं दूसरा उत्तरायणका अर्धकालविषैं ऐसैं क्रमतैं जाननें। तहां प्रथम विषुप युगके आरंभतैं छह पर्व व्यतीत भएं तृतीय तिथिविषैं रोहिणी भुक्ति चंद्रमाकै होत होत सो हो संतैं हो है ॥ ४२१ ॥

विगुणणवपव्वऽतीदे णवमीए विदियगं धणिट्ठाए ॥
इगितीसगदे तदियं सादीए पण्णरसमम्हि ॥ ४२२ ॥
द्विगुणनवपर्वातीतेषु नवम्यां द्वितीयकं धनिष्टायाम् ॥
एकत्रिंशगते तृतीयं स्वातौ पंचदशाम् ॥ ४२२ ॥

अर्थ.—दुगुण नव जो युगके आरंभ पीछैं अठारह पर्व व्यतीतभएं नवमी तिथिविषैं धनिष्ठा नक्षत्रका योग चंद्रमाकै होतैं दुतीय विषुप होहै। बहुरि इकतीस पर्व व्यतीत भएं तीसरा विषुप स्वाति नक्षत्र सन्तै पंचदशी तिथिविषै होयहै। सो कृष्णपक्ष पक्ष पनेतै अर्थतै अमावास्या विषय होहै ॥ ४२२ ॥

तेदालगदे तुरियं छट्ठिपुणव्वसुगयं तु पंचमयं ॥
पणवण्णपव्वतीदे बारसिए उत्तराभद्दे ॥ ४२३ ॥
त्रिचत्वारिंशद्गतेषु तुरीयं षष्ठीपुनर्वसुगतं तु पंचमयं ॥
पंचपंचाशत्पर्वातीतेषु द्वादश्यां उत्तराभाद्रे ॥ ४२३ ॥

अर्थः—तियालीस पर्व व्यतीत भए चौथा विषुप षष्ठीविषैं पुनर्वसु नक्षत्रकों प्राप्त भएं हो है। बहुरि पांचवां विषय पचावन पर्व व्यतीत भएं द्वादशी तिथिविषै उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र हो। संतै हो है ॥४२३॥

अडसट्ठिगदे तदिए मित्ते छट्ठे असीदिपव्वगदे ॥
णवमिमघाए सत्तममिह तेणउदिगदे दु अट्ठमयं ॥ ४२४ ॥
अष्टषष्ठिगतेषु तृतीयायां मैत्रे षष्ठ अशीतिपर्वगतेषु ॥
नवमीमघायां सप्तमं इह त्रिनवतिगतेषु तु अष्टमम् ॥४२४॥

अर्थः—अडसठि पर्व गए तृतीय तिथिविषैं मैत्र जो अनुराधा नक्षत्र ताकों होत संतैं छठा विषुप हो है। बहुरि असी पर्व गएं नवमी तिथिविषैं मघा नक्षत्र होतै सातवां विषुप हो है। बहुरि इहां तेरणवै पर्व गएं आठवां विषुप हो है ॥ ४२४ ॥

अस्सिणि पुण्णे पव्वे णवमं पुण पंचजुद सए पव्वे ॥
तीते छट्ठि तिहीए णक्खत्ते उत्तरासाढे ॥ ४२५ ॥
अश्विनी पूर्णे पर्वणि नवमं पुन: पंचयुत शतेषु पर्वेषु ॥
अतितेषु षष्ठी तिथौ नक्षत्रे उत्तराषाढे ॥४२५ ॥

अर्थ:—सो आठवां विषुप अश्विनी नक्षत्र होतैं पूर्ण जो अमावस्या तिहविषैं हो है । बहुरि नवमां विषुप एकसौ पांच वर्ष व्यतीत भएं षष्ठी तिथिविषैं उत्तराषाढ नक्षत्र होतैं हो है ॥ ४२५ ॥

चरिमं दसमं विसुपं सत्तरहसुत्तर सएसु पव्वेसु ॥
तीदेसु बारसीए जाइति उत्तरगफग्गुणिए ॥ ४२६ ॥
चरमं दशमं विषुवं सप्तदशोत्तर शतेषु पर्वेषु ॥
अतीतेषु द्वादश्यां जायते उत्तराफाल्गुन्याम् ॥ ४२६ ॥

अर्थ:— अंतका दशवां विषुप एकसौ सतरह पर्व व्यतीत भएं द्वादशी तिथिविषैं उत्तर फाल्गुनी नक्षत्र होतैं हो है ॥ ४२६ ॥

आगैं विषुपविषैं पर्व वा तिथि ल्यावनेकौं सूत्र कहे है ।—

विगुणे सगिट्ठइसुपे रूऊणे छग्गुणे हवे पव्वं ॥
तप्पव्वदलं तु तिथी पवट्टमाणस्स इसुपस्स ॥ ४२७ ॥
द्विगुणे स्वकेष्टविषुपे रूपोने षड्गुणे भवेत् पर्व ॥
तत्पर्वदलं तु तिथि: प्रवर्तमानस्य विषुवस्य ॥ ४२७ ॥

अर्थ:— अपनां इष्ट विषुप जेथवां होइ तीह प्रमाणकौं दूणाकरिये तामैं एक घटाइए बहुरि अवशेषकौं छह गुणा किएं पर्वनिका प्रमाण आवै है । बहुरि तिस पर्व प्रमाणका आधा सो प्रवर्तमान विवक्षित विषुपका तिथि प्रमाण हो है । तीह पर्वका आधा प्रमाण पंद्रहतैं अधिक होइ तो पंद्रहका भाग दिएं जो लब्ध प्रमाण होइ सो तो पर्व संख्याविषैं जोडिए अर अवशेष रहै सो तिथिका प्रमाण हो है । इहां उदाहरण—इष्ट

विषुप पहला ताकौं दूणां किंएं दोय तामैं एक घटाएं अवशेष एक ताकौं छह गुणां किएं छहसो प्रथम विषुपविषैं युग आरंभतैं व्यतीत पर्वनिका प्रमाण छह है। बहुरि तीह पूर्व प्रमाणका आधा तीनसो प्रथम विषुपविषैं तिथि तृतीया है। दूसरा उदाहरण—इष्ट विषुप दशवां ताकौं दूणा किंएं बीस तामैं एक घटाएं उगणीस ताकौं छह गुणा किएं एक सौ चौदह सो पर्व प्रमाण ताका आधा सतावन ताकौं पंद्रहका भाग भाग दिएं तीन पाए सा पर्व संख्याविषैं मिलाएं अंत विषुपविषैं एकसौ सतरह तौ पर्वनिका प्रमाण है। अर अवशेष बारह रहे सो तिथि द्वादशी। ऐसें अन्य विषुपनिविषैं भी जाननां॥ ४२७॥

आगैं आवृत्ति अर विषुपविषैं तिथि संख्याकौं कहैं हैं,—

वेगपद छग्गुणं इगितिजुदं आउट्टिइसुपतिहिसंखा॥
विसमतिहीए किण्हो समतिथिमाणो हवे सुक्को॥ ४२८॥
व्येकपदं षड्गुणं एकत्रियुतं आवृत्तिविषुपतिथिसंख्या॥
विषमतिथौ कृष्णः समतिथिमानो भवेत् शुक्लः॥ ४२८॥

अर्थ:—इष्ट भूत जेथवीं आवृत्ति होइ तिस आवृत्ति स्थानकमैंस्यों एक घटाइए अवशेष छह गुणाकरि दोय जायगा स्थापिए तहां एक जायगा एक और मिलाइए एक जायगा तीन और मिलाइए तब क्रमतैं आवृत्ति अर विषुपविषैं तिथिको संख्या हो है तिनिविषैं जो एक तृतीया पंचमी आदि विषम गणनारूप तिथि होइ तौ तहां कृष्ण पक्ष है। बहुरि द्वितीया चतुर्थी षष्ठी आदि समतिथि हैं तौ तहां शुक्ल पक्ष है। उदाहरण इष्ट आवृत्ति प्रथम तामैं एक घटाएं शून्य ताकौं छह गुणा किएं भी शून्य होइ ताकौं दोय जायगा स्थापि तातैं एक जायगा एक जोडें एक होइ सो प्रथम आवृत्ति विषैं तिथि एक है सो यहु विषम तिथि है तातैं इहां कृष्ण पक्ष जाननां। बहुरि दूसरी जायगा तीन जोडैं तीन होइ सो प्रमथ आवृत्ति संबंधी

प्रथम विषुपविषैं तिथिका तृतीया है । यहुभी विषम तिथि है तातैं इहां भी कृष्ण पक्ष ही जाननां ।

बहुरि दूसरा उदाहरण—इहु आवृत्ति दशमी तामैं एक घटाए नव ताकौं छह गुणा किएं चौवन तिनकौं दोय जायगा स्थापि एक जायगा एक और मिलाएं पचावन होई ताकौं पंद्रहका भाग दिएं अवशेष दश रहे सोई दशवीं आवृत्तिविषैं दशमी तिथि है । इहां शुक्ल पक्ष जाननां । बहुरि दूसरी जायगा तीन और मिलाएं सतावन होइ ताकौं पंद्रहका भाग दिएं अवशेष बारह रहे सोई दशवां विषुपविषैं तिथि द्वादशी है । यहु भी सम तिथि हैं । तातैं इहां भी शुक्ल पक्ष जाननां । ऐसेही अन्य आवृत्ति वा विषुपविषैं साधन करनां ॥४२८॥

आगैं विषुपविषैं नक्षत्रनिका वा सर्व तिथि ल्यावनेका विधान कहै हैं;—

आउट्टिलद्धरिक्खं दहजुद छट्ठट्ठदसमगेणूणम् ॥
इसुपे रिक्खा पण्णरगुणपव्वाजुदतिही दिवसा ॥ ४२९ ॥
आवृत्तिलब्धऋक्षं दशयुतं षष्ठाष्टदशमके एकोनं ॥
विषुपे ऋक्षाणि पंचदशगुणपर्वयुततिथयः दिवसानि ॥४२९

अर्थः—आवृत्तिविषैं जो नक्षत्र पाया ताका आगला नक्षत्रसौं लगाय जो दशवां नक्षत्र होइ सो तीह आवृत्ति संबंधी नक्षत्र जाननां । तहां छठा आठवां दशवां विषुपविषैं एक घटावनां जो नवमां ही नक्षत्र होइ सो तीह विषुपविषैं जाननां । उदाहरण-दूसरी आवृत्ति विषैं हस्त नक्षत्र है । तातैं आगैं चित्रातैं लगाय दशवां नक्षत्र धनिष्ठा है । सोई दूसरा विषुपविषैं नक्षत्र जाननां । बहुरि दूसरा उदाहरण छठी आवृत्तिविषैं पुष्य नक्षत्र है । तातैं अगिला आश्लेषातैं लगाय नवमां नक्षत्र रोहिणी है सोई छठा विषुपविषैं नक्षत्र जाननां इहां छठा आठवां

दशवांविषैं एक घाटि कह्या है। तातैं नवमां नक्षत्र ही ग्रहण किया। इहां गणनांविषैं अभिजितका ग्रहण करना। ऐसैं ही अन्य विषुपनिविषैं नक्षत्र साधन करनां। बहुरि आवृत्ति वा विषुपविषैं पर्व प्रमाणकौं पंद्रह गुणां करि तामैं तिथिप्रमाण मिलाएं समस्त दिननिका प्रमाण हो है।

उदाहरण—दूसरी आवृत्तिविषैं पर्वप्रमाण बारह तिनकौं पंद्रह गुणां किएं एकसौ असी भएं, तहां तिथि प्रमाण सात मिलाएं एकसौ सित्यासी भए सोई युगके आरंभतैं एकसो सित्यासी दिन व्यतीत भएं दूसरी आवृत्ति हो है। इहां एकसौ तियासी दिन व्यतीत भए ही दूसरी आवृत्ति हो है तथापि घटती तिथिकी विवक्षा न करि पक्षके पंद्रह दिन गिणि ऐसा कथन किया है। ऐसे ही अन्य आवृत्ति वा विषुपनिविषैं साधन करनां ॥ ४२९ ॥

आगैं विपुपविषैं नक्षत्रका स्थापनां अन्य प्रकारकी दोय गाथानिकरि कहै हैं—

> आउट्टिरिक्खमस्सिणिपहुदीदो गणिय तत्थ अट्ठजुदे ॥
> इसुपेसु होंति रिक्खा इह गणना कित्तियादीदो ॥ ४३० ॥
> आवृत्तिऋक्षं अश्विनीप्रभृतितः गणयित्वा तत्र अष्टयुते ॥
> विषुपेषु भवन्ति ऋक्षाणि इह गणना कृत्तिकादितः ॥४३०

अर्थ—आवृत्तिका नक्षत्रकौं अश्विनी नक्षत्रतैं लगाय गिणिए जेथवां होइ तिहविषैं आठ मिलाएं जो प्रमाण होइ तिहविषैं आठ मिलाए जो प्रमाण होइ तेथवां नक्षत्र विषुपविषैं जाननां इहां गणना कृत्तिका आदितैं करनी। उदाहरण-विवक्षित तीसरी आवृत्तिका नक्षत्र मृगशीर्षा सो अश्विनी मृगशीर्ष नक्षत्र पांचवो है। बहुरि पांचविषैं आठ मिलाए तेरह होइ तो कृत्तिका नक्षत्रतैं तेरहवां नक्षत्र स्वाति है। सोई गणना किए तीसरा विषुपविषैं स्वाति नक्षत्र जाननां ॥ ४३० ॥

आगें आवृत्ति नक्षत्रका प्रमाणविषैं आठ मिलाए नक्षत्र प्रमाणतैं राशि अधिक होइ तौ कहा करिए सो कहै हैं—

अहियंकादडवीसं छंडेज्जो विदियपंचमठाणे ॥
एक्कं णिक्खिवछट्ठे दसमेवि य एक्कमवणिज्जो ॥ ४३१ ॥
अधिकांकादष्टविंशं त्याज्याः द्वितीयपंचमस्थाने ॥
एकं निक्षिपषष्ठे दशमेऽपिच एकमपनेयम् ॥ ४३१ ॥

अर्थ—आवृत्ति नक्षत्रकों अश्विनीतैं गिनें जेथवां होइ तामैं आठ मिलाए जो अट्ठाईसतैं अधिक राशि होइ तौ तिहमैंस्यौं अठाइस घटाए। अर दूसरा पांचवां आवृत्तिस्थानविषें आठ मिलाए जो राशि होइ तामैं एक और घटाइए। अर छटा दशवां आवृत्ति स्थानमेंस्यौं एक घटाइए इनका उदाहरण चौथी आवृत्तिविषैं शतभिषक नक्षत्र है सो अश्विनीतैं पचीसवां है। तामैं आठ मिलाए तेत्तीस होइ तिनमैं सौं अठाइस घटाए पांच रहे सो कृत्तिकातैं पांचवां नक्षत्र पुनर्वसु है। सोइ चौथा विषुपविषैं जानना ऐसे अन्यत्र भी जानना। बहुरि दूसरी आवृत्तिविषैं हस्त नक्षत्र है सो अश्विनीतैं तेरहवां है तामैं आठ मिलाए इकईस होइ एक और मिलाए बाईस होइ सो कृत्तिकातैं बाईसवां धनिष्ठा है सोई दूसरा विषुपविषैं जानना। ऐसे पांचवां स्थानविषैं जानि लेना। बहुरि छट्ठी आवृत्तिविषैं पुष्य नक्षत्र है सो अश्विनीतैं आठवां है। तामैं आठ मिलाए सोलह होई तामैं एक घटाए पंद्रह रहें सो कृत्तिकातैं पंद्रहवां नक्षत्र अनुराधा है। सोई पांचवां विषुपविषैं नक्षत्र हैं। ऐसैं दहवां स्थानविषैं भी जानि लेनां। इहा अट्ठाईस नक्षत्रकी विवक्षा है तातै गणनाविषैं अभिजितका भी ग्रहण करनां ॥ ४३१ ॥

आगे नक्षत्रनिके नाम अनुक्रमतैं कहैं हैं ।—

किंत्तिय रोहिणी मियसिर अद्दपुणव्वसु सपुस्स असिलेस्सा
महपुव्वुत्तर हत्था चित्ता सादी विसाह अणुराहा ॥४३२॥
कृत्तिका रोहिणी मृगाशीर्षा आद्रा पुनर्वसुः सपुष्यः आश्लेषा ।
मघा पूर्वा उत्तरा हस्तः चित्रा स्वातिः विशाखा अनुराधा ॥

अर्थः—कृत्तिका, रोहिणी, मृगशीर्षा, आद्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वाफाल्गुनी, उत्तराफाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा ॥ ४३२ ॥

जेट्ठा मुल पुवुत्तर आसाढा अभिजिसवण सधणिट्ठा ॥
तो सदभिस पुव्वुत्तर भद्दपदा रेवस्सिणी भरणी ॥ ४३३ ॥
ज्येष्ठा मुलं पुर्वोत्तरौ आषाढौ अभिजित् श्रवणः सधनिष्ठा ।
ततः शतभिषा पूर्वोत्तर भाद्रपदा रेवती अश्विनी भरणी ॥

अर्थः—ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ, उत्तराषाढ, अभिजित्, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषक, पूर्वाभाद्रपदा, उत्तराभाद्रपदा,. रेवती, अश्विनी, भरणी, ए अट्ठाईस नक्षत्रनिके नाम हैं। गणना विषैं इस क्रमतैं गिननैं।४३३।

आगे नक्षत्रनिके अधिदेवतानिकौं दोय गाथानिकरि कहैं हैं ।—

अग्गि पयावदि सोमो रुद्दोदिति देवमंति सप्पो य ॥
पिदुभग अरियमदिणयर तोट्ठणिलिंदग्गिमित्तिदा ॥ ४३४ ॥
अग्निः प्रजापतिः सोमः रुद्रः अदितिः देवमंत्री सर्पश्च ॥
पिताभगः अर्यमादिनकरः त्वष्टा अनिलेंद्राग्निमित्रेंद्राः ॥४३४॥

अर्थः—अग्नि, प्रजापति, सोम, रुद्र, दिति, देवमंत्री, सर्प, पिता. भग, अर्यमा, दिनकर. त्वष्टा, अनिल, इंद्राग्नि, मित्र, इंद्र ॥ ४३४ ॥

तो णेरिदि जल विस्सो बम्हा विण्हू वसूय वरुण अजा ॥
अहिवड्ढिपूसण अस्सा जमोवि अहिदेवदा कमसो ॥ ४३५ ॥
ततः नैर्ऋतिः जलः विश्व. ब्रम्हा विष्णुः वसुश्च वरुणः अजः ॥
अभिवृद्धिः पूषा अश्वः यमोऽपि अधिदेवताः क्रमशः ॥४३५॥

अर्थः—तहां पीछैं नैऋति, जल, विश्व, ब्रह्मा, विष्णु, वसु, वरुण अज, अभिवृद्धि, पूषा, अश्व, यम, ए कृत्तिका आदि नक्षत्रनिके अनुक्रमकरि अधिदेवता है। नक्षत्ररूप तारानिके स्वामी जे देव तिनके ए नाम जाननें ॥ ४३५ ॥

आगैं नक्षत्रनिकी स्थितिविशेषका विधान कहैं हैं।—

कित्तियपडंतिसमये अट्ठममघरिक्खमेदिमज्झण्हं ॥
अणुराहारिक्खुदओ एवं सेसे वि भासिज्जो ॥ ४३६ ॥
कृत्तिकापतनसमये अष्टमं महाऋक्षं एति मध्याण्हम् ॥
अनुराधाऋक्षोदयः एवं शेषेषु अपि भाषणीयं ॥ ४३६ ॥

अर्थ·—कृत्तिका नक्षत्रका पतन समय कहिये अस्त होनैंका काल तिहविषैं इस कृत्तिकातैं आठवां मघा नक्षत्र सो मध्यान्ह कहिए बीचि प्राप्त हो है। बहुरि तीह मघातें आठवां अनुराधा नक्षत्र सो उदय होय है। ऐसे ही रोहिणी आदि नक्षत्रनिविषैं जो नक्षत्र अस्त होइ तीह समय तीह नक्षत्रसौं आठवां नक्षत्र मध्यान्हकों प्राप्त होइै। अर तीहसौं आठवां नक्षत्र उदयकों प्राप्त होइ ऐसा करना ॥ ४३६ ॥

आगैं चंद्रमाके पंद्रह मार्ग हैं तिनविषैं इस मार्गविषैं ए नक्षत्र तिष्ठे हैं। ऐसा तीन गाथानिकरि कहैं हैं।—

अभिजिणवसादि पुव्वुत्तरा य चंदस्स पढममग्गम्मि ॥
तदिएमघापुणव्वसुसत्तमिए रोहिणी चित्ता ॥ ४३७ ॥

अभिजिन्नवस्वातिः पूर्वोत्तरा च चंद्रस्य प्रथममार्गे ॥
तृतीये मघा पुनर्वसु सप्तमे रोहिणी चित्राः ॥ ४३७ ॥

अर्थ.—अभिजित आदि नव सो अभिजित, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपदा, उत्तराभाद्रपदा, रेवती, अश्विनी, भरणी, अर ए नव स्वाति, पूर्वाफाल्गुनि, उत्तराफाल्गुनि ए बारह तौ चंद्रमाके प्रथम मार्ग विषैं विचरे हैं। चंद्रमाका प्रथम अभ्यंतर वीथीरूप परिधि तीहविषैं भ्रमण करे हैं। ऐसै ही तीसरा मार्गविषैं मघा पुनर्वसु ए दोय नक्षत्र विचरै हैं। सातवां मार्गविषैं रोहिणी चित्रा ए दोय नक्षत्र विचरैं हैं॥ ४३७ ॥

छट्ठट्ठमदसमेयारसमे किंत्तिय विसाह अणुराहा ॥
जेट्ठा कमेण सेसा पण्णारसमम्हि अट्ठेव ॥ ४३८ ॥
षष्ठाष्टमदशमैकादशे कृत्तिका विशाखा अनुराधा ॥
ज्येष्ठा क्रमेण शेषाणि पंचदशे अष्टैव ॥ ४३८ ॥

अर्थः—छट्टा मार्गविषै कृत्तिका आठवांविषै विशाखा दशवांविषं अनुराधा ग्यारवांविषै ज्येष्ठा क्रमकरि विचरैं हैं। अवशेष आठ नक्षत्र पंद्रहवां अंतका मार्गके ऊपरि विचरैं हैं॥ ४३८ ॥

ते शेष आठ नक्षत्र कौन सो कहैं हैं:—

हत्थं मूलतियं विय मियसिरदुग पुस्सदोण्णि अट्ठेव ॥
अट्ठपहेणक्खत्ता तिट्ठंतिहु बारसादीया ॥ ४३९ ॥
हस्तः मूलत्रयं अपि मृगशीर्षादिकं पुष्यद्वयं अष्टैव ॥
अष्टपथे नक्षत्राणि तिष्ठंति हि द्वादशादीनि ॥ ४३९ ॥

अर्थः—हस्त, मूल त्रय कहिए—मूल पूर्वाषाढ, उत्तराषाढा, मृगशीर्षा द्विक कहिए—मृगशीर्षा, आर्द्रा, पुष्यद्वयं कहिए—पुष्य, आश्लेषा

ए आठ अवशेष जाननें । ऐसैं प्रथमादिक पथनिविषैं आदि नक्षत्र चंद्रमाके आठ पथनिकै ऊपरि तिष्ठै हैं ॥ ४३९ ॥

आगैं नक्षत्रनिके तारानिकी संख्या दोय गाथानिकरि कहै हैं ।—

कित्तिय पहुदिसु तारा छप्पणतियएक्कछत्तिछक्कचऊ ॥
दो द्दो पंचेक्केक्कं चउछत्तियणवचउक्कचऊ ॥ ४४० ॥
कृत्तिका प्रभृतिषु ताराः षट्पंचतिस्रः एकषट्त्रिषट्चतु ॥
द्वे द्वे पच एकैका चतुः षट्त्रिकनवचतुष्काः चतस्रः । ४४० ॥

अर्थः—कृत्तिका आदि नक्षत्रनिके तारे अनुक्रमकरि छह पाच तीन एक छह तीन छह च्यारि दोय दोय पांच एक एक च्यारि छह तीन नव च्यारि च्यारि ॥ ४४० ॥

तिय तिय पचेक्कारहियसय दो द्दो कमेण बत्तीसा ॥
पंच य तिण्णि य तारा अट्ठावीसाण रिक्खाणं । ४४१ ॥
तिस्रः तिस्रः पचैकादशाधिकशतद्वे द्वे क्रमेण द्वात्रिंशत् ॥
पंच च तिस्रः च तारा अष्टाविंशानां ऋक्षाणां ॥ ४४१ ॥

अर्थः—तीन तीन पांच ग्यारह अधिक एक सौ दोय दोय बत्तीस पांच तीन ऐसैं ए तारा क्रमकरि अट्ठाईस नक्षत्रनिके हैं ॥ ४४१ ॥

आगैं तिन तारानिका आकार विशेषकों तीन गाथानिकरि कहैं हैं;—

बीयणसअलुद्धीए मियसिरदीवे य तोरणे छत्ते ॥
वम्मियगोमुत्ते विय सरजुगहत्थुप्पले दीवे ॥ ४४२ ॥
बीजनशकटोद्धिका मृगशिरदीपे च तोरणे छत्रे ॥
वल्मीकगोमूत्रे अपि शरयुगहस्तोत्पले दीपे ॥ ४४२ ॥

अर्थः—कृत्तिका नक्षत्रकैं छह तारे हैं तिनका आकार बीजनासदृश है। ऐसेही रोहिणी आदि नक्षत्रके तारानिका आकार क्रमतैं गाडेकी

ऊद्धिका, हिरणका मस्तक, दीपक, तोरण, छत्र, बंबई, गऊका मूत्र, शरकायुगल, हाथ, कमल, दीपक ॥ ४४२ ॥

अधियरणे वरहारे वीणासिंगे य विच्छिए सरिसा ॥
दुक्कयवावीहरिगजकुंभे मुरवे पतंतपक्खीए ॥
अधिकरणे वरहारे वीणाश्रृंगे च वृश्चिकेन सदृशाः ॥
दुष्कृतवापीहरिगजकुम्भेन मुरजेन पतत्पक्षिणा ॥ ४४३ ॥

अर्थ:—अहिरिणी, उत्कृष्टहार, वीणाका शृंग, वीछू जीर्ण वावडी, सिंहका कुंभस्थल, मृदंग, पडतापंखी ॥ ४४३ ॥

सेणागयपुव्वावरगत्ते णावाहयस्स सिरसरिसा ॥
चुल्लीपासाणणिभा किंत्तिय आदीणि रिक्खाणि ॥४४४॥
सेनागजपूर्वावरगात्रे नावाहयस्य शिरसाः सदृशाः ॥
चुल्लीपाषाणनिभाः कृत्तिकादीनि ऋक्षाणि ॥ ४४४ ॥

अर्थ:—सेना, हस्तीका आगिला शरीर, हस्तीका पाछिला शरीर, नाव, घोडेका मस्तक, चूल्हाका पाषाण समान आंकारकौं धरैं हैं तारे जिनके ऐसे कृत्तिकादि नक्षत्र जाननें ॥ ४४४ ॥

आगैं कृत्तिकादि नक्षत्रनिके परिवाररूप तारानिकौं कहैं हैं;—

एक्कारसयसहस्सं सगसगतारापमाणसंगुणिदं ॥
परिवारतारसंखा किंत्तियणक्खत्तपहुदीणं ॥ ४४५ ॥
एकादशशतसहस्रं स्वकस्वकताराप्रमाणसंगुणितम् ॥
परिवारतारा संख्या कृत्तिका नक्षत्रप्रभृतीनाम् ॥ ४४५ ॥

अर्थ—ग्यारह अधिक एकसौ सहित एक हजारकौं अपनें अपनें तारानिका प्रमाणकरि गुणें जो प्रमाण होइ सो कृत्तिका नक्षत्र आदि नक्षत्रनिकौ परिवाररूप तारेनिकी संख्या जाननी ।

उदाहरण—कृत्तिका नक्षत्रके मूलतारे छह हैं इनिकौं ग्यारहसै ग्यारहकरि गुणे छह हजार छहसै छासठि तारे कृत्तिका नक्षत्रके परिवार के हैं। ऐसैं ही रोहिणी आदिके भी जानने नक्षत्रनिके जे आधिदेवता तिनिके अनुसारी इनिविषैं बसै है ॥ ४४५ ॥

आगैं पंच प्रकार ज्योतिषी देवनिकी आयु प्रमाण कहैं हैं;—

इंदिणसुक्कगुरिदरेलक्खसहस्सासयं च सहपल्लं ॥
पल्लंदलं तु तारे वरावरं पादपादद्धं ॥ ४४६ ॥
इंद्विनशुक्रगुर्वितरेषुलक्षलं सहस्रंशतं च सहपल्यम् ॥
पल्यंदलं तु तारा सुवरमवरं पादपादार्धम् ॥ ४४६ ॥

अर्थ:—चंद्रमा सूर्य शुक्र बृहस्पति इतर इनविषैं क्रमतैं लाख हजारसौ वर्षसहित पल्य अर्द्धपल्य प्रमाण आयु है। भावार्थ:-चंद्रमाका आयु लाख वर्ष सहित पल्य प्रमाण है। सूर्यका आयु हजार वर्षसहित पल्य प्रमाण है। शुक्रका आयु सौ वर्षसहित पल्य प्रमाण है बृहस्पतिका आयु पल्य प्रमाण है। इतर बुध मंगल शनैश्चरादिकका आयु आध पल्य प्रमाण है। बहुरि तारे कहिए तारा अर नक्षत्र इनका आयु उत्कृष्ट तौ पाद कहिए पल्यका चौथा भाग प्रमाण है। अर जघन्य पदार्थ कहिए पल्यका आठवां भाग प्रमाण है ॥ ४४६ ॥

आगैं चंद्रमा सूर्यनिकी देवांगनानिकौं दोय गाथानिकरि कहै हैं—

चंदाभा य सुसीमापहंकरा अच्चिमालिणी चंदे ॥
सूरेदुदिसुरपहापहंकराअच्चिमालिणी देवी ॥ ४४७ ॥
चंद्राभा च सुसीमाप्रभंकरा अर्चिमालिनी चंद्रे ॥
सूर्ये द्युतिः सूर्यप्रभा प्रभंकरा अर्चिमालिनी देव्यः ॥४४७॥

अर्थ—चंद्राभा, सुसीमा, प्रभंकरा, अर्चिमालिनी ए च्यारि चंद्रमाकै पट्ट देवांगना हैं। बहुरि सूर्यके द्युति, सूर्यप्रभा, प्रभंकरा, अर्चिमालिनी ए च्यारि पट्टदेवी हैं ॥ ४४७ ॥

जेट्ठा ताओ पुह पुह परिवारचदुस्सहस्सदेवीणं ॥
परिवारदेविसरिसं पत्तेयमिमा विउव्वन्ति ॥ ४४८ ॥
ज्येष्ठाः ताः पृथक् पृथक् परिवारचतुः सहस्रदेवीनाम् ॥
परिवारदेवीसदृशं प्रत्येकमिमाः विकुर्वन्ति ॥ ४४८ ॥

अर्थ—ते ज्येष्ठ कहिए पट्ट देवी पृथक् पृथक् च्यारि हजार परिवार देवनिकी हैं। भावार्थः-च्यारि च्यारि हजार परिवार देवांगनानिकी एक एक पट्ट देवांगना है। बहुरि इस परिवार देवी समान संख्याकौं प्रत्येक विक्रिया करै हैं। स्पष्टीकरणः—एक एक पट्टदेवांगना विक्रिया करै तौ च्यारि हजार हो हैं॥ ४४८ ॥

आगैं ज्योतिष्क देवांगनानिका आयु प्रमाण कहै हैं—

जोइसदेवीणाऊ सगसगदेवाणमद्धयं होदि ॥
सव्वणिगिट्ठसुराणां बत्तीसां होंति देवीओ ॥ ४४९ ॥
ज्योतिष्कदेवीनामायुः स्वकस्वकदेवामर्धं भवति ॥
सर्वनिकृष्टसुराणां द्वात्रिंशत् भवंति देव्यः ॥ ४४९ ॥

अर्थ—ज्योतिष्क देवांगनाका आयु अपनें अपनें भर्तार देवनिका आयुतैं अर्धप्रमाण जाननां। बहुरि इहां सर्वतैं निकृष्ट हीन पुन्यवान् देवतिनकै बत्तीस देवांगना हो हैं। मध्यविषैं यथायोग्य देवांगनानिकी संख्या जाननी॥ ४४९ ॥

आगैं भवनत्रिकविषैं जे जीव उपजैं है तिनकौं कहैं हैं—

उम्मग्गचारिसणिदाणणलादि मुदा अकामणिज्जरिणो ॥
कुदवा सबलचारित्ता भवणतिय जंति ते जीवा ॥४५०॥
उन्मार्गचारिणः सनिदानाः अनलादिमृता अकामनिर्जरिणः ॥
कुतपसः शबलचारित्रा भवनत्रये यांति ते जीवाः ॥ ४५० ॥

अर्थ— " उन्मार्गचारी " कहिए जिनमततैं विपरीत धर्मके आचरनवाले, बहुरि " सनिदाना " कहिए निदानजिननैं किया होइ। बहुरि " **अनलादिमृता** " कहिए अग्नि जल झंपापात आदिकतैं मूए, बहुरि " अकामनिर्जरिण: " कहिए विना अभिलाष बंधादिकके निमित्ततैं परीषह सहनादि करि जिनकै निर्जराभई बहुरि " कुतपस: " कहिए पंचाग्नि आदि खोटे तपके करनेवाले बहुरि " शबल चारित्रा: " कहिए सदोष चारित्रके धरनहारे जे जीव हैं ते भवत्रय जो भवनवासी व्यंतर ज्योतिषी तिनविषै जाय उपजै हैं ॥ ४५० ॥

ऐसैं ज्योतिर्लोकका अधिकार समाप्त भया।

इति श्री नेमिचंद्राचार्य विरचित त्रिलोकसारमें चौथा ज्योतिर्लोकका अधिकार समाप्त भया ॥ ४ ॥

निर्माल्यसंबंधी ध्यानमें रखनेयोग्य श्लोक.

पुत्तकलत्तविहीणो दारिद्दो पंगुमूकबहिरंधो।
चाण्डालाइकुजादो पूजादाणाइ दव्वहरो ॥ ३२ ॥

(कुंदकुंदाचार्यकृत रयणसार)

“ देवतानिवेद्यानिवेद्यग्रहणम् ॥

विक)

धर्मबंधु हो ! तुह्मास जर जैनधर्माचें खरें रहस्य समजून घ्यावयाचें असेल तर हीं पुस्तकें मागविण्यास विसरूं नका.

अवश्य मागवा.

शासनदेवतापूजनचर्चा, [illegible] द्रव्यचर्चा, भूमिशयनचर्चा अशौच निर्णय, खरीपूजा–ढोंगीपूजा–भा[illegible] [illegible] महत्वाच्या विषयांवर ज्या मध्यें शास्त्रीय प्रमाणें व मोठमो[illegible] [illegible]ांचे अभिप्राय देऊन नि[illegible] र्भीडपणानें चर्चा केली आहे [illegible] ठी पुस्तकें अवश्य मागवा

शासनदेवतापूजनचर्चा मराठी भाग पहिला ।	कार्तिकेयानुप्रेक्षातील गृहस्थधर्म ।
,, हिंदी भाग दुसरा -॥	मिश्रविवाह चर्चा ८-
शासनदेवतापूजन व रत्नकरंड टीकाकार प्रभाचंद्र ८=	वेश्यानृत्य करविल्यामुळें तेरापंथी-पणास बाधा येईल काय ? ८-
शासनदेवता व मंहा आणि अतर |=	अशौच निर्णय -|-
शासनदेवता घरीं आल्यावेळीं सत्कार करूं नये ८=	निर्माल्य द्रव्यचर्चा परिशिष्ट सचित्र ८-
आगम–प्रमाणतामें शास्त्रार्थ ।	सम्यक्त्ववर्धक मासिकांत आलेले बावीस लेख १।
भूमिशयन मूलगुण चर्चा ८≡	सत्तावीस लेख ॥=
नवधाभक्तिचर्चा मराठी ८≡	सहेचाळीस लेख १
निर्माल्यद्रव्यचर्चा मराठी भाग १ -|-	अडसष्ट लेख १॥
हिंदी भाग २ -|-	खरीपूजा ढोंगीपूजा, भाद्रोत्रीपूजा लेखावरील आक्षेपांचें निरसन ८=
पं. अप्पाशास्त्री के लेखका खंडन ८=	शासनदेवता पूजन चर्चा मराठी भाग २ रा. |=
सम्यक्त्ववर्धक पत्रका उद्देश आदि अनेक लेख ८=	जैनधर्माचें प्राचीनत्व (ले- बॅरिस्टर चंपतराय कृत इंग्रजी ग्रंथाचें मराठी भाषांतर) |=
[illegible]पुण्याईचीं कारणें ८-	[illegible] ग्रंथाचा नमुना ८=
[illegible]च्या आराधनेपासून नुकसान ८-	पंचामृताभिषेक चर्चा ८-
[illegible] संबंधाचे [illegible]चें उतारे -|-	[illegible] नाहीं ? =
पुरुषार्थसिद्ध्युपाय सार्थ मराठी -|||	[illegible] जांच.
[illegible] पापापासून [illegible] उपाय ८-	[illegible] ।
[illegible] मराठी भाषांतर [illegible] २	[illegible] २

जैन पुस्तक डेपो, सोलापूर